दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 13 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-8 अंक-320 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

चारा चोरी के मामले में लंबी जेल यात्रा कर चुके और जमानत पर छूटे लालू यादव और उनके परिवार पर सीबीआई और ईडी ने शिंकजा कसा तो लालू लाल पीले हो गए। उन्होंने इस कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया है जबकि रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन हथियाने का बहुचर्चित मामला जदयू ने उजागर किया था और जदयू ने ही इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी। अब उसी जदयू के साथ लालू की पार्टी बिहार में सरकार चला रही है और केन्द्र सत्ता पर बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया जा रहा है। हद है बुडबकपने की।

//-- सुविचार --//

पंछी कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए घोंसले बनाकर नहीं देते, वे तो बस उन्हें 'उड़ने' की कला सिखाते हैं।

जनसंख्या

विश्व : 8,021,479,541

भारत : 1,417,333,842

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 57,050 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.31 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.7	21.0
बिलासपुर	36.4	20.0
जगदलपुर	34.7	17.6
अंबिकापुर	32.0	16.3

आज का दिवस

विश्व गुर्दा दिवस

विश्व गुर्दा दिवस हर वर्ष 13 मार्च को मनाया जाता है। स्वस्थ गुर्दा के लिए अधिकाधिक पानी का उपयोग महत्वपूर्ण है। गुर्दे में प्रोटीन की अधिकता, पथरी जैसे कई कारक है जो प्रभावित कर सकते हैं। इसके लक्षण दिखाई देने पर इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और अपने डॉक्टरसे मशविरा लेकर जांचें करानी चाहिए। इससे अपने आसपास मौजूद लोगों को जागरूक करना चाहिए।

राज्यपाल से मिले सीएम भूपेश, आरक्षण विधेयक पर की चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को राजभवन में नए राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। बैठक में राज्यहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि आज राज्यपाल से मुलाकात हुई, जिसमें चार-पांच बिल पर चर्चा हुई है। शिक्षा कानून जैसे बिल पर संशोधन के लिए चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जिन बिलों पर चर्चा हुई है उनमें यूनिवर्सिटी संशोधन बिल में अतिरिक्त लाइन जोड़ा गया है। पत्रकारों की डिमांड और राज्य मंत्रिमंडल की अनुशंसा से दूसरा पत्रकारिता विश्वविद्यालय से जुड़ा हुआ मामला है। जुआ सट्टा कानून के विषय में और चौथा सबसे महत्वपूर्ण प्रदेश में आरक्षण का बिल जो लंबे समय से रुका हुआ है उस पर चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षण बिल रुकने से प्रदेश में छात्र छात्राओं को उसका लाभ मिलना चाहिए। वह उससे वंचित है प्रदेश में सरकारी भर्तियां अब तक रुकी हुई हैं। वह जल्द से जल्द सरकार को शुरू करना है, जिसको लेकर राज्यपाल से आग्रह किया गया है यह बिल विधानसभा से पारित हो चुका है, जिसको लेकर उनसे आग्रह किया गया है कि इस पर जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए जिससे प्रदेश के हित में काम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने बीजेपी के विस घेराव पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आवास योजना को लेकर भाजपा के विधानसभा घेराव पर तर्क देते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट किया था कि प्रदेश में अब तक कितने मकान बने हैं, जिसके जवाब में हमने भी जानकारी निकालती हुई यह बताया कि पिछले 15 सालों में डॉक्टर रमन सिंह की सरकार में आवास योजना के द्वारा कितने मकान बने। हमारी 4 साल की अब तक सरकार में हमने कितने लोगों को आवास योजना का लाभ दिया है।

'बीजेपी के लोग झूठ बोलने वाले'

भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि यह झूठ बोलने वाले लोग हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि अब आवास को लेकर नए हितग्राही पैदा हो गए हैं, जिसको लेकर पहले सर्वे कराया जाएगा। प्रदेश में सबसे पहले जनगणना की जरूरत है। क्योंकि ना केवल आवास योजना बल्कि सरकार की कई योजना है, इनका जनता को लाभ दिलाने के लिए जनगणना और सर्वे होना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1 अप्रैल से अगर केंद्र सरकार जनगणना यह सर्वे नहीं कराती है तो राज्य सरकार खुद सर्वे कराने का काम करेगी।

केन्द्र की अडानी परस्त नीति के विरोध में आज कांग्रेस करेगी राजभवन तक मार्च

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्र की अडानी परस्ती वाली नीति के विरोध में कांग्रेस देशभर में प्रदर्शन और राजभवन मार्च करेगी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में धरने के बाद कांग्रेसजन राजभवन जाकर राज्यपाल को ज्ञापन सौपेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लॉक से लेकर प्रदेश स्तर तक के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में कोनी कैपिटलिज्म नीति के कारण देश का नुकसान हो रहा है। गहरे आर्थिक संकट के समय भाजपा की मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई व एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं को अडानी समूह में निवेश करने को मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम

में है, जिसके खिलाफ देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा चरणबध्द आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज 13 मार्च को सुबह 11 बजे अम्बेडकर चौक, रायपुर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा राजभवन मार्च का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, एआईसीसी के प्रदेश प्रभारी सचिवद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट : टीम इंडिया 571 पर ऑलआउट, कोहली दोहरे शतक से चूके

अहमदाबाद। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में चौथे टेस्ट मैच का चौथा दिन पूरी तरह टीम इंडिया और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम रहा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विराट ने 1205 दिन, 23 मैच और 41 पारियों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया। विराट की 186 रनों की मैराथन पारी के दम पर भारत ने अपनी पहली पारी में 571/9 का स्कोर बनाया। विराट भारतीय पारी में आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे। चोटिल श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। चौथे दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बगैर नुकसान के 3 रन बनाए। ओपनर ट्रेविस हेड (3*) के साथ नाइट वॉचमैन मैथ्यू कुहनेमन (0*) नाबाद पवेलियन लौटे। टीम अब भी 88 रनों से पिछड़ रही है। टीम इंडिया ने पहली पारी के आधार पर

ऑस्ट्रेलिया पर 91 रन की बढ़त बनाई।

1205 दिन बाद कोहली का शतक : कोहली ने 23 नवंबर 2019 को आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 27वां टेस्ट शतक जमाया था। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। अब कोहली के नाम 75 इंटरनेशनल शतक हो गए हैं। उन्होंने टेस्ट में 28, वनडे में 46 और टी-20 इंटरनेशनल में एक शतक जमाया है। उमेश यादव बिना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अक्षर ने भी खेली अर्धशतकीय पारी

अक्षर पटेल 79 रन बनाकर मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। उन्होंने अपनी पारी में 4 छक्के लगाए और विराट के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी भी की। पांचवां विकेट श्रीकर भरत के रूप में गिरा। वे 44 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नाथन लायन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब के हाथों कैच कराया। भरत ने कोहली के साथ 84 रन की साझेदारी की। इससे पहले, रवींद्र जडेजा 23 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने कोहली के साथ 170 बॉल पर 64 रन की साझेदारी की। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को भारत ने 289/3 से पारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 480 रन बनाए।

राहुल गांधी को इस बात का अंदेशा हो गया है कि 2024 में उन्हें पुन: मिलेगी हार : स्मृति

अमेठी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दौरे के दूसरे दिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से लोकतांत्रिक तरीके से अमेठी की जनता ने धूल चटाई थी, उससे राहुल गांधी को इस बात का अंदेशा हो गया है कि 2024 में उन्हें पुनः पराजय मिलेगी। अमेठी के जगदीशपुर में पीपा पुल का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में स्मृति ईरानी ने गांधी

परिवार पर तीखे हमले करते हुए कहा कि यह लोकसभा क्षेत्र राष्ट्र की सत्ता के लिए जाना जाता था जिसके कंधे पर चढ़कर जो गांधी परिवार देश के सर्वोच्च सदन ही नहीं राष्ट्र की सत्ता के शिखर तक पहुंचा, वह यहीं के लोगों को भूल गया। राहुल गांधी के भारत में लोकतंत्र खत्म होने वाले बयान के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''अमेठी में मिली हार से उनके (राहुल गांधी) लिए आंसू बहाना स्वाभाविक है, आज देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था की ताकत बन चुका है उसका सम्मान करने के बजाए गांधी द्वारा अनर्गल बयान देना इस बात को दर्शाता है कि उन्हें इस बात का अंदेशा हो चुका है कि 2024 में पुनः उन्हें पराजय मिलेगी।'' गौरतलब है कि 2019 के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस मेरी कब्र खोदने में और मैं गरीबों की जिंदगी बेहतर बनाने में व्यस्त : मोदी

कर्नाटक। कर्नाटक में दो इंजन वाली सरकार की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर करारा निशाना साधते हुए कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी उनकी मौत के सपने देखने में व्यस्त है, लेकिन वह कर्नाटक के विकास का सपना देखने में व्यस्त हैं। मोदी ने यहां कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा,''कांग्रेस मोदी की कब्र

खोदने के सपने देखने में व्यस्त है, लेकिन मैं कर्नाटक के विकास के सपने देखने में व्यस्त हूं। मोदी की कब्र खोदने का सपना देखने वाले कांग्रेसी नहीं जानते कि मोदी का सबसे बड़ा सुरक्षा कवच देश की करोड़ों मां-बहनों का आशीर्वाद है।'' मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में उनकी सरकार बनने के बाद से उन्होंने पूरी ईमानदारी से गरीबों की सेवा करने की कोशिश की और लगातार गरीबों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने कहा,''2014 में जब आपने मुझे वोट दिया और सेवा का अवसर दिया, तब देश में एक संवेदनशील सरकार बनी जो गरीबों के दर्द और पीड़ा को समझती है। इसके बाद भाजपा की केंद्र सरकार ने गरीबों की सेवा करने का प्रयास किया। पूरी ईमानदारी से। गरीबों के जीवन में आने वाली मुश्किलों को कम करने का लगातार प्रयास किया।'' डबल इंजन वाली सरकार के फायदे गिनाते हुए मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कर्नाटक में राजमार्गों पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश किया गया है। बुनियादी ढांचा रोजगार, निवेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री बनी उर्वशी रौतेला

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फ लॉो की जाने वाली अभिनेत्री बन गयी हैं। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया प्लेटफ ार्म इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री में शामिल हो गयी हैं।

आतंकवाद को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी : शाह

हैदराबाद (वार्ता)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। श्री शाह ने यहां हकीमपेट में राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी (एनआईएसए) में आयोजित हुए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस परेड को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटा है। दिल्ली के बाहर पहली बार हैदराबाद में सीआईएसएफ स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि औद्योगिक बल देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित करने में सहायक रहा हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय आने वाले समय में बंदरगाहों, हवाईअड्डों की सुरक्षा के लिए सभी तकनीकों के साथ सीआईएसएफ को मजबूत करेगा।

महंगाई के आंकड़ों पर शेयर बाजार की रहेगी नजर

मुंबई (वार्ता)। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका से बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों की अगले सप्ताह फ रवरी के जारी होने वाली खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 673.84 अंक अर्थात 1.13 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 59135.13 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.45 अंक यानी 1.03 प्रतिशत का गोता लगाकर 17412.90 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 22.02 अंक की बढ़त लेकर 24617.91 अंक और स्मॉलकैप 105.71 अंक की तेजी के साथ 27952.11 अंक पर रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अगले सप्ताह फ रवरी का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह बाजार की दिशा निर्धारित करने में महंगाई के आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर रूस-यूक्रेन के बीच जारी तनाव के साथ ही कच्चे तेल की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम सुरक्षा चूक पर पंजाब से एक्शन रिपोर्ट तलब, देरी से गृह मंत्रालय नाराज

नई दिल्ली। पंजाब में पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक से जुड़े मामले में केंद्र ने राज्य सरकार से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। केंद्र ने पंजाब सरकार से पूछा है कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से करवाई गई जांच की रिपोर्ट पर उसने क्या एक्शन लिया? सुप्रीम कोर्ट ने 5 जनवरी 2022 को फिरोजपुर दौरे के दौरान पीएम की सुरक्षा में हुई चूक की जांच के लिए रिटायर्ड जस्टिस इंदु मल्होत्रा की अगुवाई में 5 मेंबरी कमेटी बनाई थी। कमेटी ने 25 अगस्त 2022 को अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सब्मिट कर दी। रिपोर्ट पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने सुरक्षा चूक के लिए पंजाब पुलिस को जिम्मेदार पाया। जांच कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक फिरोजपुर के एसएसपी हरमनदीप हंस को दो घंटे पहले उस रास्ते के बारे में बता दिया गया था, जहां से पीएम गुजरने वाले थे। इसके बावजूद पंजाब पुलिस सुरक्षा बंदोबस्त ठीक नहीं कर पाई। रिपोर्ट में पंजाब के तत्कालीन मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी और तत्कालीन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बजट सत्र — दूसरा चरण आज से, सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की रहेगी

आज से शुरू होगा बजट सत्र का दूसरा सेशन, विपक्ष की नजरें सरकार को घेरने पर

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू हो रहे दूसरे चरण में सरकार की प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की रहेगी, वहीं, विपक्षी दल, गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग और अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान दोनों सदनों में रणनीति तैयार करने के लिए विपक्षी दलों की बैठक सोमवार को सुबह होगी। कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे को उठाना जारी रखेगी और सरकार से सवाल पूछेगी क्योंकि

सत्र के पहले चरण में इस बारे में सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया था। विपक्षी दलों द्वारा सत्र के दूसरे चरण में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विपक्षी नेताओं पर छापा मारने के मुद्दे को भी उठाने की संभावना है। विपक्षी दलों ने गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना की है। वहीं, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराने की है। उन्होंने कहा कि सत्र के दूसरे चरण में रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति, स्वास्थ्य सहित कई मंत्रालयों से जुड़ी अनुदान की मांगों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बाद में विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए प्रस्तावित अनुदानों की मांगों एवं उनसे संबंधित विनियोग विधेयक को 'गिलोटिन' (बिना चर्चा के) के माध्यम से मंजूरी दी जायेगी। मेघवाल ने कहा, '' इसके बाद वित्त विधेयक पारित किया जायेगा। इसके बाद हम विपक्ष द्वारा उठाये गए मुद्दों पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार को इन मुद्दों पर घेरेगी विपक्ष

सत्र के दौरान तृणमूल कांग्रेस एलआईसी, एसबीआई के समक्ष संभावित खतरे, महंगाई, बेरोजगारी, केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के मुद्दे को उठायेगी। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने हाल ही में कहा था कि एलआईसी से जुडे निवेश प्रभाव खतरे, महंगाई जैसे विषयों का आम लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और तृणमूल कांग्रेस इन विषयों को उठायेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के खिलाफकेंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरूपयोग के विषय को भी उठायेगी।

31 जनवरी को हुई थी शुरूआत

गौरतलब है कि संसद के बजट सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को हुई थी जिस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया था। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। सोमवार को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वर्ष 2022-23 के लिए अनुपूरक मांगों के दूसर बैच का दस्तावेत सदन में पेश करेंगी। वह लोकसभा में वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट भी पेश करेंगी। उक्त दोनों विषय सोमवार के लिए लोकसभा की कार्यसूची में सूचीबद्ध हैं।

संपादकीय

उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव का भी जवाब नहीं।चोरी ऊपर से सीनाजोरी कैसे की जाती है,यह अन्य भ्रष्टाचार के आरोपी नेता लालू प्रसाद यादव से सीख सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने करोड़ों का चारा घोटाला किया। मामले की जांच हुई तो चार चोर को सजा काटनी पड़ी। अभी भी वे जमानत पर हैं। फिर भी उनकी अकड़ नहीं जा रही है। रेलमंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी दिलाने की एवज में नगद पैसा लेने की जगह जमीन अपने परिवार के नाम कराने के उन पर आरोप लगे थे। यह आरोप और किसी ने नहीं बल्कि जदयू नेताओं ने लगाए थे जिसके साथ गठजोड़ करके लालू के लाल उप मुख्यमंत्री बने हुए हैं और मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे। इस बहुचर्चित रेलवे भर्ती घोटाले को लेकर जब सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव तथा उनकी पुत्रियों के खिलाफकार्रवाई शुरू की है तो लालू प्रसाद यादव उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए केन्द्र सरकार पर बदले की कार्रवाई करने का आरोप लगा रहे हैं और विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं कि सीबीआई उनकी बीमार पत्नी और गर्भवती पुत्रवधू को पूछताछ के नाम पर घंटों बैठाकर उन्हें परेशान कर रही है। लालू प्रसाद यादव का कहना है कि भाजपा उनसे डरती है और उन्हें झुकाना चाहती है लेकिन वे डरने वाले नहीं हैं और न ही झुकने वाले हैं।

हरे माधव सत्संगोउत्सव

वैश्विक स्तरपर भारत आदि अनादि काल से आध्यात्मिकता आस्था देवी-देवताओं की प्राचीन प्रमुख भूमि रही है, जिसे हमेशा से ही आस्था का प्रतीक कहा जाता है। हजारों वर्ष पूर्व एक समय था जब परम पिता परमेश्वर हमारे परम पूज्य सतगुरु थे। समय का पहिया घूमता रहा और भगवान के अवतार अलग-अलग रूपों में अवतरित होते रहे। जनसंख्या का विस्तार होता रहा तो आध्यात्मिकता और उसके रूपों में भी वृद्धि होती चली गई जो हम आज देख रहे हैं कि,करीब-करीब हर समाज के अपने अपने इष्ट देवता हैं जिनपर उस समाज को हृदय से विश्वास भी है और हमारे बड़े बुजुर्गों का पीढ़ियों से कहना भी हैं कि रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं, परंतु सबकी मंजिल एक है। परमारर्थ, जो मेरा मानना है सटीक बैठती है। चूंकि हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना हरे माधव सत्संगोत्सव का आयोजन18-19 मार्च 2023 को गोंदिया में आयोजित है इसलिए आज हम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना। साथियों बात अगर हम हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबाना हरे माधव सत्संग 18-19 मार्च 2023 की करें तो हरे माधव सतगुरु साई ईश्वरशाह जी की पावन हुजूरी में आदर्श प्लेग्राउंड सिंधी स्कूल के सामने गोंदिया में शनिवार व रविवार को शाम 6 से आयोजित होगा,जिसकी भव्यता से रूपरेखा बनाई गई है जिसमें बाबा जी का आगमन दिनांक 16 मार्च 2023 गुरुवार को होगा।

प्रेम शर्मा

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 सांसदों के खिलाफ ब्ठप् जांच लंबित है।सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया है कि देशभर में सीबीआई की विशेष अदालतों में मौजूदा और पूर्व सांसदों/विधायकों के खिलाफकुल 151 मामले लंबित हैं और 58 मामलों में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। हालांकि, लगभग एक-तिहाई मामलों में, मुकदमा घोंघे की गति से आगे बढ़ रहा है - आरोप तय नहीं किए गए हैं, जबकि अपराध कई साल पहले किए गए थे। मध्य प्रदेश में हजारों करोड़ के राशन घोटाले तेदेपा सांसदों वाईएस चैधरी और सीएम रमेश असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा बीते कुछ सालों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. कभी असम की कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे हिमंत बिस्वा आज बीजेपी की सरकार में असम के मुख्यमंत्री हैं और बीजेपी के चुनावी अभियान में स्टार कैम्पेनर हैं। अब ऐसे अगर विपक्ष मध्यप्रदेश के राशन कार्ड घोटाले, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) के दो सांसद, सीएम रमेश और वाईएस चैधरी जो वर्तमान में भाजपा में है, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा जिन पर जनवरी 2015 को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सारे चिट फंड के केस की जाँच साबीआई को सौंपने के आदेश दिए और अगस्त 2015 में हिमंत बिस्वा शर्मा बीजेपी में शामिल हो गए कि बॉत करती है तो सरकार को इन आरोपों पर भी अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए।

राजनैतिक भ्रष्टाचारियों पर ईडी और सीबीआई का शिकंजा

लम्बे अरसे से सीबीआई और ईड़ी को लेकर विपक्षी दलों द्वारा इसके दुरूपयोग के आरोप लगते रहे है। इसमें सच्चाई कितनी है यह किसी से छूपी नही है। लेकिन साल 2019 में केंद्र सरकार ने एक नोटिफिक्रेशन जारी करके प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) में बदलाव किए. इसके तहत ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में स्पेशल पावर दिया गया था। इसके बाद से ईडी की ताकत में कई गुना इजाफा हुआ। ईडी ने 2021-22 में मनी लॉन्ड्रिंग के 1200 केस दर्ज किए।पीएमएलए के सेक्शन 17 के सब-सेक्शन (1) में और सेक्शन 18 में बदलाव कर दिया गया और ईडी को ये शक्ति दी गई कि वह इस कानून के तहत लोगों के आवास पर छापामारी, सर्च और गिरफ्तारी कर सकती है। इससे पहले किसी अन्य एजेंसी की ओर से दर्ज की गई एफआईआर और चार्जशीट में पीएमएलए की धाराएँ लगने पर ही ईडी जांच करती थी, लेकिन अब ईडी खुद ही एफआईआर दर्ज करके गिफ्तारी कर सकती है। अब बॉत करें सीबीआई कि तो संसद में पेश रिपोर्ट के अनुसार, 31 जनवरी, 2022 तक कुल 1,025 मामले सीबीआई के पास लंबित थे, जिनमें से 66 मामले पांच साल से अधिक समय से लंबित थे। सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो। हालाँकि जब देश में यूपीए की सरकार थी तो सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में टिप्पणी की थी कि सीबीआई सरकार का तोता है। केंद्र में बैठी सरकार अपने मातहत काम करने वाली एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कर रही है। यह आरोप नया नहीं है।

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा ?दिल्ली की शराब नीति के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आठ विपक्षी दलों की ओर से लिखा इस आशय का पत्र कई प्रश्न खड़े करता है कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस पत्र में आम आदमी पार्टी के साथ सात अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी हस्ताक्षर किए हैं। सबसे पहले तो यही प्रश्न उठता है कि आखिर आम आदमी पार्टी को छोड़कर केवल सात विपक्षी दल ही इस नतीजे पर क्यों पहुंचे कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है ? इसके बाद राजद सुप्रीमों लालू यादव के ठिकानों में छापेमारी के बाद ईडी ने 600 करोड़ की सम्पत्ति का दावा किया है। इसके अतिरिक्त यह प्रश्न भी उठता है कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस पत्र पर हस्ताक्षर कैसे कर सकती हैं? क्या बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को अनदेखा कर दिया जाए? शिक्षकों की भर्ती में घोटाला किया गया और बेहद बेशर्मी के साथ किया गया, यह निष्कर्ष कलकत्ता उच्च न्यायालय का है। क्या तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दल यह चाहते हैं कि देश की जनता यह विस्मृत कर

दे कि शिक्षक भर्ती घोटाले में गिरफ्तार बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के यहां से करोड़ों की नकदी बरामद की गई थी ? यदि तृणमूल कांग्रेस पार्थ चटर्जी को निर्दोष मानती है तो फिर उसने उन्हें पार्टी से निलंबित क्यों किया ?

केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग की शिकायत करने वाले दलों की मानें तो मनीष सिसोदिया को बिना किसी प्रमाण गिरफ्तार किया गया। यदि ऐसा है तो अदालत ने उन्हें जमानत देने से मना करते हुए सीबीआइ के रिमांड पर क्यों भेजा? इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि यदि शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी तो फिर घोटाले का शोर मचते ही उसे वापस क्यों लिया गया? क्या विपक्षी दल इसकी जिम्मेदारी ले सकते हैं कि दिल्ली सरकार की ओर से वापस ली गई शराब नीति में कहीं कोई खामी नहीं थी और उससे शराब विक्रेताओं को कहीं कोई अनुचित लाभ नहीं मिल रहा था ?एक सवाल यह भी है कि क्या चिट्ठी लिखने वाले विपक्षी दलों के नेता मनीष सिसोदिया समेत जो अन्य नेता घपले-घोटालों के आरोप में केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं, उनके निर्दोष होने का प्रमाण दे सकते हैं? यह हैरानी की बात है कि विपक्षी नेताओं की चिट्ठी में उन लालू यादव का भी जिक्र है, जिन्हें चारा घोटाले में सजा सुनाई जा चुकी है।यह सही है कि ऐसी कोई सरकार नहीं, जिस पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप न लगता हो, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार पर पूरी तरह लगाम लग गई है। राजनीतिक भ्रष्टाचार एक कटु सच्चाई है।

विपक्ष की बॉत करे तो कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी, एनसीपी से लेकर उद्व ठाकरे की पार्टी, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे से लेकर सांसद अतीक अहमद, मुख्तार अंसारी, सांसद भावना गवली, संजय राउत से लेकर जनप्रतिनिधियों की एक लम्बी लिस्ट सीबीआई और ईडी के पास मौजूद है। सरकार ने दिसम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक जानकारी देकर बताया था कि 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत केस दर्ज हैं।जबकि सीबीआई की कोर्ट में पेश एक ऐसी ही रिपोर्ट में बताया गया है कि मौजूदा और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ कुल 121 केस लंबित हैं। इनमें से 51 सांसद हैं। जिनमें 14 मौजूदा और 37 पूर्व संसद सदस्य हैं। 5 का निधन हो चुका है। इसके साथ ही सीबीआइ के समक्ष 112 विधानसभा सदस्यों के खिलाफ केस है। इनमें 34 मौजूदा और 78 पूर्व विधायक हैं, जबकि 9 का निधन हो चुका है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 सांसदों के खिलाफ ब्ठप् जांच लंबित है।सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया गया है कि देशभर में सीबीआई की विशेष अदालतों में मौजूदा और पूर्व सांसदों/विधायकों के खिलाफ कुल 151 मामले लंबित हैं और 58 मामलों में आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। हालांकि, लगभग एक-तिहाई मामलों में, मुकदमा घोंघे की गति से आगे बढ़ रहा है - आरोप तय नहीं किए गए हैं, जबकि अपराध कई साल पहले किए गए थे। मध्य प्रदेश में हजारों करोड़ के राशन घोटाले तेदेपा सांसदों वाईएस चैधरी और सीएम रमेश असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा बीते कुछ सालों से अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं. कभी असम की कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे हिमंत बिस्वा आज बीजेपी की सरकार में असम के मुख्यमंत्री हैं और बीजेपी के चुनावी अभियान में स्टार कैम्पेनर हैं। अब ऐसे अगर विपक्ष मध्यप्रदेश के राशन कार्ड घोटाले, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) के दो सांसद, सीएम रमेश और वाईएस चैधरी जो वर्तमान में भाजपा में है, और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा जिन पर जनवरी 2015 को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने सारे चिट फंड के केस की जाँच साबीआई को सौंपने के आदेश दिए और अगस्त 2015 में हिमंत बिस्वा शर्मा बीजेपी में शामिल हो गए कि बॉत करती है तो सरकार को इन आरोपों पर भी अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए।

आज का पंचांग (सोमवार 13 मार्च)

सूर्योदयः 06:43, सूर्यास्तः 06:20
चन्द्रोदयः 17:18

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : विशाखा /अनुराधा, योग : सुकर्मा (20:55 से धृति), प्रथम करण : वणिज (16:17 तक), द्वितीय करण : विष्टि (29:17 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : सिंह, मंगल : वृष (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : कुम्भ (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरुः मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:05 से 12:52, अमृत काल 21:25 से 23:12, रवियोग 06:38 से 24:05, विजय मुहूर्त 14:25 से 15:1, गोधूलि मुहूर्त 18:16 से 18:41, सायाह्न सन्ध्या 18:19 से 19:33, निशिता मुहूर्त 24:03 से 24:52, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 11:01 से 12:28, होमाहुति चन्द्र, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास आकाश, भद्रावास मृत्यु (16:17 से 29:15), चन्द्रवास पूर्व, शिववास भोजन में (16:17 से श्मशान में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - अमृत 2 - काल, 3 - शुभ 4 - रोग, 5 - उद्वेग 6 - चर, 7 - लाभ 8 - अमृत

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - चर 2 - रोग, 3 - काल 4 - लाभ, 5 - उद्वेग 6 - शुभ, 7 - अमृत 8 - चर

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा : पूर्व-उत्तर (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम अनुराधा नक्षत्र के प्रथम द्वितीय, तृतीय चर्तुथ चरण अनुसार क्रमशः ना, नी, नू, ने नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:40 से 07:06, मीन - 07:06 से 08:29, मेष - 08:29 से 10:03, वृषभ - 10:03 से 11:58, मिथुन - 11:58 से 14:13, कर्क - 14:13 से 16:34, सिंह - 16:34 से 18:53, कन्या - 18:53 से 21:11, तुला - 21:11 से 23:32, वृश्चिक - 23:32 से 25:51, धनु - 25:51 से 27:55, मकर - 27:55 से 29:36

पञ्चक रहित मुहूर्त

मृत्यु पञ्चक - 06:38 से 07:06, अग्नि पञ्चक - 07:06 से 08:29, शुभ मुहूर्त - 08:29 से 10:03, मृत्यु पञ्चक - 10:03 से 11:58, अग्नि पञ्चक - 11:58 से 14:13, शुभ मुहूर्त - 14:13 से 16:17, रज पञ्चक - 16:17 से 16:34, शुभ मुहूर्त - 16:34 से 18:53, चोर पञ्चक - 18:53 से 21:11, शुभ मुहूर्त - 21:11 से 23:32, रोग पञ्चक - 23:32 से 24:05, शुभ मुहूर्त - 24:05 से 25:51, मृत्यु पञ्चक - 25:51 से 27:55, अग्नि पञ्चक - 27:55 से 29:36, शुभ मुहूर्त - 29:36 से 30:37

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप व्यर्थ के विवादों में ना पड़कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

वृषः आज के दिन आपको प्रतिकूल फल मिलने से मानसिक कष्ट होगा। दिन आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा।

मिथुनः आपका आज का दिन प्रायः सामान्य ही रहेगा। आज फिजूल खर्ची पर नियंत्रण आयवश्यक संकट में फंस सकते है।

कर्क : आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में सेहत सम्बंधित समस्या रहने से कार्यो में आलस करेंगे ।

सिंहः आज का दिन उन्नति कारक रहेगा। आज पारिवारिक प्रतिष्ठा भाग्योन्नति में सहायक बनेगी।

कन्याःआज का दिन अशुभ फलदायक रहेगा। दिनभर विविध कष्ट रहने से मानसिक एवं आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

तुलाः आज के दिन भी आपके लिए लाभदायक स्थिति बनेगी दिन व्यस्तता से भरा एवं खर्चीला रहेगा। आज आपके अंदर आत्मविश्वाश बढ़-चढ़ कर रहेगा शारीरिक रूप से भी चुस्त रहेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन सफलता दायक रहेगा परिस्थितियां आपके अनुकूल बनी रहेंगी। दिन के पहले भाग में किसी बहुप्रतीक्षित कार्य के बनने से प्रसन्नता बढ़ेगी।

धनुः आज सेहत में सुधार आने से काफी राहत अनुभव करेंगे। रुके हुए कार्यो में गति आएगी फिर भी सरकारी कार्य आज ना करे तो बेहतर रहेगा।

मकरःआज आपको अपने स्वास्थ्य की संभाल करने की अत्यंत आवश्यकता है।

कुंभः कार्य क्षेत्र का वातावरण सामान्य रहने से रोजगार सही दिशा में चलेगा। दिन नविन व्यापारिक अनुबंधों को क्रिया में लाने के लिए शुभ रहेगा।

मीनः आज का दिन भी आपके पक्ष में रहेगा। दिन के आरम्भ थोड़ी परेशानियों के बाद कार्य में गति आने लगेगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लग रहा था कि घर वो मेरा सजाने

लग रहा था कि घर वो मेरा सजाने आए। सजे भी रंग यार वो तो धुलाने आए। कोई तरकीब और हाथ जो लग पाई ना, मारने मुझको वो होली के बहाने आए। जो हरा पाए ना दुश्मन की शक्ल में यारों, बन के वो यार मेरे मुझको हराने आए।

रानी इंदू

भाग्य और झूठ के साथ जितनी ज्यादा

भाग्य और झूठ के साथ जितनी

ज्यादा उम्मीद करोगे । वो उतना ही ज्यादा निराश करेगा ।। कर्म और सच पर जितना जोर दोगे। वो उम्मीद से सदैव ही ज्यादा ही देगा ।।

कमल कांत डोंगरे

खास पाती | जीने की प्रबल इच्छा होती रहती

जीने की प्रबल इच्छा होती रहती है बलवती जब जब उदास जिंदगी मृत्यु का वरण करने चली.. एक सफर है अनंत शून्य से शून्य की ओर पाँव पसारे जाना है फक्त दूर क्षितिज की ओर.. मुंतजिर हुई थोड़ी छांव की धूप में जो जलने लगे कदम कोशिकाओं के विभाजन से हुआ जो ऊतकों का दमन.. अधूरी आकांक्षाएं सिसकती कहीं बोझ जिम्मेदारियों का पर निश्चित नहीं हुआ कभी वक्त बीमारियों का.. काल के आगोश में लम्हे जो सरकने लगे शुष्क पड़े नयनों से भी नीर यकायक झरने लगे.. रूको!अभी ठहरो चँद साँसें ले लूँ अभी रिश्ते नातों से मोह जाने छूटता क्यों नहीं कभी? काल परंतु है प्रबल अटल है यह जीवन मरण नेकियों के राह पर चलते अमरत्व का करेगा तू वरण। **सीमा भाटिया**

तुम्हारी आँख के आंसू हमें

तुम्हारी आँख के आंसू हमें सोने नही देते। तुम्हारे पास होते तो तुम्हे रोने नही देते। करें क्या जॉब की खातिर यहाँ परदेस आये हैं। नही तो दूरी अपने बीच में होने नही देते। **शालिनी शर्मा**

मैं खुद ही होली खुद ही रंगोली

मैं खुद ही होली खुद ही रंगोली बस तेरे ही नाम के आगे पीछे हो ली ना मेरा कोई वजूद ना अस्तित्व तू है तो मै हूँ जो तू नहीं तो मै किसकी हूँ सहेली मेरा अकेला ना रंग कोई धुंधले से परदे से झांकती ना समझ पाती ना देख पाती गुडमुड से हुए हैं रंग तेरा रंग कौन सा है मैं कुछ भूली भूली सी फिर से सफ़ेद से इक रंग पे झूली उसकी ही होली ।

सुलोचना खुराना

खराब घड़ी की सुइयों सी ठहर

खराब घड़ी की सुइयों सी ठहर गई है तुम्हारी यादें एकदम स्थिर टस से मस होने का नाम नहीं ना भूत की कुछ यादें शेष हैं ना वर्तमान का कोई आनंद और ना ही भविष्य से कोई अपेक्षा बीते सारे प्यार के लम्हें भोर सुहानी, शाम सिंदुरी उजली रात पूनम वाली ओह् काश कि मैं घड़ीसाज़ होती। **कुमुद अनुन्जया**

कहते है ताली दोनों हाथ से

कहते है ताली दोनों हाथ से बजती हैं,यकीनन सही है और आज तक हम इस मुहावरे का यही अर्थ निकालते है कि... गलती दोनो की है,दोनो ने किया इसके दूसरे अर्थ को कभी गौर किया है,किसी ने बनाया नही होगा, बताया नही होगा? जी हां ताली दोनों हाथ से इसलिए नहीं बजती क्युकी एक हाथ तो तैयार रहता दूसरा हाथ मानने को तैयार नहीं,आगे आने को तैयार नहीं,सहने को और झुकने को तैयार नहीं अपना हाथ मजबूत रखे ताकि दूसरा हाथ आगे बढ़े हमेशा ताली बजाने को। **शत्रुंजय तिवारी**

जब मैंने अपनी ज़ेब में कुछ

जब मैंने अपनी ज़ेब में कुछ भंवरों को रखा, हर फूल मुस्कुरा के मुझे देखने लगा। इस शहर की सफाई भले रोज़ होती है, हर ओर ढेर कूड़ो का, है आज भी दिखा। कश्ती मेरी चली है समंदर की ओर यूँ, गो टूटा धरती और किनारों से वास्ता। मेरे कदम उठे थे सियासत की राह पर, पर जल्द धोखेबाज़ी से मन मेरा भर गया। क्यूं हुस्न वाले सुनते नहीं प्रेम की सदा, क्यूं आशिकों को देती हैं वे बे-सबब सज़ा। अब मुझको मधुमक्खियों के छत्तों से प्यार है, बदले में मधुमक्खियों ने मुझको शहद दिया। **डॉ संजय दानी**

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 13 मार्च की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः- 1560- स्पेन की नौसेना ने त्रिपोली के डीजेरबा पर कब्जा किया।1774- भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया। 1800- मराठा राजनेता नाना फड़नवीस का निधन। 1881- रूस के सम्राट अलेक्जेंडर द्वितीय की हत्या। 1899- आंध्र प्रदेश के राजनैतिक नेता बुर्गुला रामकृष्ण राव का जन्म। 1921- मंगोलिया ने चीन से स्वतंत्रता हासिल की थी। 1940- भारतीय क्रांतिकारी ऊधम सिंह ने अंग्रेजों से जलियांवाला बाग का बदला लेने के लिए जनरल डायर पर गोलियां चलाई। 1963- खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार की घोषणा हुई। 1996- हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता शफ़ी ईनामदार का निधन। 1980- भाजपा सांसद और संजय गांधी के पुत्र वरुण गांधी का जन्म। 2004- भारत के प्रसिद्ध सितार वादक विलायत ख़ाँ का निधन। 2008- नासा का अंतरिक्ष यान एंडेवर सकुशल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचा।

QUIZ TIME

1) 2021-22 में 5 हजार लाख मीट्रिक टन से अधिक के उत्पादन के साथ, भारत किस खाद्य उत्पाद का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है?

2) हाल ही में बंधन बैंक ने किस शहर में अपना पहला करेंसी चेस्ट स्थापित किया है?

3) किस क्रिकेट मैदान का नाम भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर के नाम पर रखा गया?

4) विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार बर्ड फ्लू के वायरस का संचरण उस भोजन के माध्यम से नहीं हो सकता जिसे पकाया गया हो।

5) अरूणा मिलर अमेरिका के किस प्रान्त के लेफ्टिनेंट गवर्नर का पद संभालने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी राजनेता बन गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) चीनी (2) पटना (3) ओसेनिक क्रिकेट ग्राउंड (4) 70 डिग्री सेल्सियस से ऊपर (5) मैरीलैंड

मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में चैत्र नवरात्र की तैयारियां प्रारंभ

मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से 30 मार्च 2023 तक मनाई जाएगी। जिसमें हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व व हिन्दू नववर्ष प्रारंभ के अवसर पर चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 22 मार्च बुधवार से 30 मार्च गुरुवार तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है। चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा एकम 22 मार्च बुधवार को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्वलित की जाएगी। 26 मार्च रविवार को नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 29 मार्च बुधवार को संध्या 5 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 30 मार्च गुरुवार को पड़ने वाली रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री राम व माता की विशेष महाआरती के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -001

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. दुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



समाज कोई भी हो, शिक्षा सबसे जरूरी है : मुख्यमंत्री बघेल

- **समाज की इकाई व्यक्ति है, पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को केंद्र में रखकर शुरू की गई हैं योजनाए : मुख्यमंत्री**
- **कलार महासभा द्वारा आयोजित कलार महासम्मेलन 2023 में शामिल हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल**

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग व्यापार में कलार समाज को कोई नकार नहीं सकता है, लेकिन बिना शिक्षा के कोई भी समाज हो आगे नहीं बढ़ सकता है। प्रत्येक समाज के लिए शिक्षा जरूरी है और जिसने भी शिक्षा से नाता तोड़ा है वो समाज पिछड़ गया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ कलार महासभा के द्वारा रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित कलार महासम्मेलन में कहीं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो बड़ी घोषणाएं करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महुआ बोर्ड की स्थापना की जाएगी। कलार समाज की पूजनीय माता बहादुर कलारिन के महिला सशक्तीकरण के योगदान को अतुलनीय करार देते हुए मुख्यमंत्री ने उनकी जयंती पर एच्छिक अवकाश का प्रावधान किए जाने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रत्येक समाज की इकाई व्यक्ति होता है और राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों में व्यक्ति को ही केंद्र में रखकर योजनाएं शुरू की हैं ताकि हर समाज के लोग लाभांवित हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वो यदि योजनाओं का लाभ लोगों को न मिले, लोग बीमार रहें तो मजबूत छत्तीसगढ़ की कल्पना कभी नहीं हो सकती है इसीलिए समाज के अंतिम व्यक्ति की जेब में भी पैसा जाए इसका प्रावधान छत्तीसगढ़ शासन ने किया है ताकि प्रदेश की प्रगति निरंतर होती रहे । मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अलग अलग समाज के लोग मिलजुल कर रहते हैं, जाति वैमनस्यता की यहां कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों का सामाजित ताना-बाना बेहद मजबूत है और इससे छत्तीसगढ़ को मजबूती मिलती है।

कलार महासम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर पिछले चार वर्षों में काफी बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुले हैं और नक्सल क्षेत्रों में लंबे समय से बंद पड़े स्कूलों को भी खोला गया है। छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है और इसीलिए शिक्षा पर 17 हजार करोड़ रूपए खर्च किए जाने का प्रावधान बजट में रखा गया है। युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए आधुनिक मांग के आधार पर आईटीआई कालेजों मे नए ट्रेड खोले जा रहे हैं ताकि समय की मांग के अनुसार युवा प्रशिक्षित हो सकें। कलार महासम्मेलन के आयोजन अवसर पर संसदीय सचिव श्री विकास उपाध्याय, विधायक श्री मोहन मरकाम, विधायक श्री विनय जायसवाल, विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, रायपुर महापौर श्री ऐजाज ढेबर, रिसाली महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, कलार महासभा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री दीपक सिन्हा, कलार महासम्मेलन संयोजक समिति के अध्यक्ष श्री राजा जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी तथा कलार समाज के सदस्य उपस्थित थे।

महिलाओं का आर्थिक रूप से सक्षम होना जरूरी, राज्य सरकार नई-नई रोजगार मूलक योजनाएं कर रही है लागू : मुख्यमंत्री

- **मुख्यमंत्री ने किया 'विधिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला' का शुभारंभ**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित 'विधिक जागरूकता प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक और छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम भी उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं राज्यगीत के साथ शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल का स्वागत राजकीय गमछे और औषधीय महत्व वाले सीता अशोक के पौधे से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला आयोग की स्मारिका एवं ऑनलाइन शिकायतों के लिए बनाए गए मोबाइल एप ÷छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग÷ लॉन्च किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को महिलाओं को अधिकार सम्पन्न, सुरक्षित, सशक्त बनाने की शपथ दिलायी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे लोगों की कार्यकुशलता इस कार्यशाला से और अधिक निखरेगी। साथ ही बेहतर तालमेल और सहयोग से लक्ष्यों को और अधिक तेजी से हासिल किया जा सकेगा। इस कार्यशाला में जो मास्टर ट्रेनर्स तैयार किए जाएंगे, वे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की रोकथाम में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगे। मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसे अत्यंत संवेदनशील विषयों पर यह कार्यशाला केंद्रित है।

हेरिटेज वॉक कर रायपुरियंस ने देखा अपने शहर की विरासत

- **गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष, कलेक्टर, निगम कमिश्नर , सभापति भी रहे शामिल**

रायपुर/नवप्रदेश। ऐतिहासिक विरासत से आम लोगों को अवगत कराने आयोजित हेरिटेज़ वॉक में शामिल होकर रायपुरवासियों ने अपने शहर के गौरवशाली अतीत की जानकारी प्राप्त की । रायपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से अगोरा ईको टुरिज़्म ग्रुप द्वारा आयोजित इस हेरिटेज़ वॉक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, नगर निगम कमिश्नर श्री मयंक चतुर्वेदी, सभापति प्रमोद दुबे , एम आई सी सदस्य श्री जितेन्द्र अग्रवाल भी शामिल हुए ।

इस दौरान प्रोजेक्ट गेट आउट वॉक के शिवम् त्रिवेदी, निष्ठा जोशी ने लिली चौक, नागरीदास मंदिर, जैतूसाव मठ , पुरानी बावली, अखाड़ा और टूरी हटरी के पुराने महत्व से सभी को अवगत कराया ।इस वॉक में श्रीमती स्मिता अवस्थी, श्रीमती रश्मि भूरे , रायपुर स्मार्ट सिटी के सी ओ ओ उज्ज्वल पोरवाल,संस्कृति विभाग के पूर्व उप संचालक श्री राहुल सिंह,अगोरा ईको टुरिज़्म ग्रुप के हेड भाग्येश दुबे,एन जी ओ मितान की हेड स्मितल वानखेड़े, कथाकार सृष्टि त्रिवेदी सहित रायपुर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

हेरिटेज़ वॉक में शामिल लोगों को श्री अजय वर्मा द्वारा लिखित हमर रायपुर पुस्तक , रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा संकलित रायपुर के दर्शनीय स्थलों की जानकारी संबंधी मेप भी उपलब्ध करायी गयी। इस वॉक दौरान नागरिकों को रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्व सहायता समूह के सहयोग से तैयार किए गए छत्तीसगढ़ी मिलेट्स व्यंजन परोसे गए । अगोरा ईको टुरिज्म ,माय हेरिटेज़ ट्रेल द्वारा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा यह हेरिटेज़ वॉक हर रविवार आयोजित होगा ।

बंद नहीं होगी कोई भी शराब दुकान

रायपुर/नवप्रदेश। शराब के शौकिनों के लिए संभवतः ये खबर अच्छी हो सकती है. क्योंकि प्रदेश की कोई भी शराब दुकान आगामी वर्ष यानी 2023-24 में बंद नहीं होने वाली है. वहीं अगले साल शराब से प्रदेश सरकार की भी कमाई बढ़ने वाली है। नई आबकारी नीति के मुताबिक सरकार ने नए वर्ष में 6700 करोड़ रुपए शराब की ब्रिकी से कमाने का लक्ष्य तय किया है. बता दें कि प्रदेश में 670 देशी-विदेशी शराब दुकानें है, यानी औसतन 1 दुकान से 10 करोड़ रुपए सालाना लक्ष्य रखा गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में आबकारी से अब तक 6200 करोड़ रुपए का राजस्व सरकार को प्राप्त हो चुका है. अधिकारियों को ऐसा अनुमान है कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक लगभग 6900 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने की उम्मीद है. जबकि विभाग का लक्ष्य 5500 करोड़ रुपए था।

बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी : युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दरअसल, कुछ दिनों पूर्व सोशल मीडिया पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के तिल्दा-नेवरा निवासी युवक निखिल मांडले ने बागेश्वर धाम वाले बाबा के खिलाफ अश्लील टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ धर्म सेना के लोगों ने थाना में शिकायत दर्ज कराई और सैकड़ों की संख्या में धर्म सेना के लोग थाना पहुंचकर अपना विरोध जताया। इसके बाद नेवरा थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक के खिलाफ तत्काल प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर निखिल मांडले को नेवरा थाना लाया गया। साथ ही शनिवार को युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बताया जा रहा है कि आज सुबह भी धर्म सेना के लोगों ने अपना विरोध जताया और एसडीएम कार्यालय जाकर जमकर नारेबाजी की। यहां पर भी थाना प्रभारी ने सभी को समझाइश दी कि युवक के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर रात में ही हिरासत में लिया गया है। साथ ही आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बता दें कि युवक निखिल मांडले कांग्रेस पार्टी से संबंध रखता है।

थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव ने कहा कि, कानून से बड़ा कोई नहीं है। अगर इस तरह की धार्मिक भावनाओं के बारे में किसी को भी ठेस पहुंचाई गई तो चाहे वह किसी भी पार्टी का हो उसके खिलाफ में तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि शहर में शांति के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म जाति या किसी भी राजनीतिक दल के लोगों की ओर से इस तरह की किसी के भी भावनाओं को ठेस पहुंचाना या टिप्पणी नहीं करना चाहिए। वहीं युवक के खिलाफठोस और त्वरित कार्रवाई के बाद धर्म सेना के युवक शांत हुए।

राहुल गांधी के नाम से आवेदन से भाजपा के फर्जीवाड़े का हुआ भंडाफोड़

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता के द्वारा राहुल गांधी के नाम से जमीन आबंटित कराने दिए गए आवेदन से भाजपा के फर्जीवाड़ा का भंडाफोड़ हो गया है। भाजपा नेताओं के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के नाम से की जा रही ओछी और धोखाधड़ी की राजनीति जनता के बीच उजागर हो गई है। पीएम आवास के वास्तविक हितग्राही नहीं बल्कि भाजपा के नेता हितग्राहियों के नाम से फर्जी आवेदन पत्र तैयार कर गोलमाल कर रहे हैं राज्य सरकार पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार भाजपा नेताओं के द्वारा बनाई जा रही हितग्राहियों के नाम से पीएम आवास के फर्जी आवेदन की जांच करे और प्रदेश के भोले-भाले मासूम जनता को भाजपा नेताओं के घपलेबाजी से बचाये। भाजपा नेताओं के फर्जीवाड़े पर 420 का मामला दर्ज करें।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना के लाभ के लिए हितग्राहियों को स्वयं आवेदन करना होता है और भाजपा के नेता हितग्राहियों के नाम से फर्जी पत्र तैयार कर सरकारी योजना में चंपत लगाने में जुटे है। वैसे भी भाजपा के नेताओं को इस प्रकार से फर्जी और मैनिपुलेटेड दस्तावेज तैयार करने की शिक्षा दी जाती है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता को भाजपा नेताओं के इस घपलेबाजी से सावधान रहना चाहिए। भाजपा अपनी डूबती राजनीति को बचाने जनता के नाम से पीएम आवास का झूठा आवेदन तैयार कर रही है। जनता सावधान रहें किसी भी भाजपा नेता को अपने निजी दस्तावेज ना दें, उस दस्तावेज का दुरुपयोग भाजपा के नेता कर सकते हैं जैसा अभी राहुल गांधी के नाम से सरकारी जमीन के आवंटन के लिए भाजपा नेता ने आवेदन किया है और सरकारी जमीन पर घोटाला करने की साजिश रची है। जिला प्रशासन उक्त आवेदन कर्ता के खिलाफ जांच करें और कड़ी कार्यवाही करें।

कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल द्वारा प्रदेश की कानून व्यवस्था पर बयान दिये जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष खुद कानून तोड़ने वाले और आरोपी को संरक्षण दिये हुये है, वे किस नैतिकता से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहे है? नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के पुत्र के ऊपर एक अनुसूचित जनजाति की महिला के साथ दुराचार का आरोप बेहद ही गंभीर मामला है। नेता प्रतिपक्ष चंदेल के पुत्र के खिलाफ थाने में एफआईआर भी दर्ज है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष अपने पुत्र को खुद थाने में समर्पण कराये और कानून की मदद करें। समाज के हर जागरूक नागरिक को अपराध के खिलाफ आगे आकर पुलिस और प्रशासन की मदद करनी चाहिये। नेता प्रतिपक्ष अपने पुत्र को बचाने में अपने पद के दायित्वों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी नहीं बरत रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा आपराधिक घटनाओं के आधार पर राजनीति करना बंद करें। वे भाजपा के 15 सालों के जंगल राज को याद करें जब अपराध होने के बाद भी अपराधी बेलगाम होकर सरे आम घूमते थे पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाती थी। अब छत्तीसगढ़ बदल चुका है। राज्य में मजबूत कानून व्यवस्था है। कानून व्यवस्था से लेकर हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ अब भाजपा शासित देश के दूसरे राज्यों से बहुत बेहतर है। अपराधी यहां बच कर नहीं निकल सकते। नेता प्रतिपक्ष अपनी पार्टी के पंद्रह साल और कांग्रेस के चार साल में आपराधिक मामले के एनसीआरबी के आंकड़े देख सकते हैं कि तब राज्य में क्या स्थिति थी और अब क्या है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्व के रमन सरकार अपराध को नियंत्रित करने में असफल रही। भाजपा नेताओं के संरक्षण में तस्करी करने वाले, अवैध कार्य करने वाले अपराधी फलते-फूलते रहे हैं।

वायु प्रदूषण की वजह से बढ़ रहे श्वसन रोगी

- **बच्चों में भी बढ़ रहा अस्थमा, महिलाओं को भी फेफड़े संबंधी रोग**
- **एम्स में देशभर के चिकित्सकों ने पल्मोनरी मेडिसिन में आ रहे बदलावों पर चर्चा की**

रायपुर/नवप्रदेश। देश के वरिष्ठ फेफड़ा रोग विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण और बदलती जीवन शैली के साथ बढ़ते धू्रमपान की आदत की वजह से श्वसन संबंधी रोगों में बढ़ोत्तरी पर चिंता व्यक्त की है। चिकित्सकों का कहना है कि अस्थमा सहित कई फेफड़ा संबंधी रोग अब सभी आयुवर्ग में देखने को मिल रहे हैं। वायु प्रदूषण के कारण भी कफ और खांसी के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पल्मोनरी विभाग द्वारा आयोजित 'पल्मोनरी मेडिसिन अपडेड-2023' में देश के प्रमुख फेफड़ा रोग विशेषज्ञ पद्मश्री प्रो. डी. बेहरा ने कहा कि देश में बढ़ते फेफड़ों संबंधी रोगियों के लिए अब विशेषज्ञ कोर्स संचालित करने की आवश्यकता है। पल्मोनरी मेडिसिन अब एक सुपर स्पेशियल्टी विभाग बनता जा रहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण और धू्रमपान की वजह से कई विशिष्ट बीमारियां फैल रही हैं जिनके इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता है।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स में पल्मोनरी मेडिसिन के सुपर स्पेशियल्टी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिससे देश में फेफड़ों संबंधी रोगियों के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो सके। टीबी, फेफड़ों के कैंसर और पोस्ट कोविड बीमारियों की वजह से अब पल्मोनरी मेडिसिन को सुपर स्पेशियल्टी विभाग के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस दिशा में और अधिक शोध और अनुसंधान की आवश्यकता पर बल दिया।

संयोजक डॉ. अजॉय बेहरा ने कहा कि चतुर्थ सिम्पोजियम की मदद से देश के चिकित्सकों को पल्मोनरी मेडिसिन के विभिन्न विषयों पर संवाद के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है। सिम्पोजियम के निष्कर्षों को देश के अन्य चिकित्सकों के साथ भी साझा किया जाएगा। डॉ. बेहरा ने बताया कि बदलती जीवन शैली और औद्योगिकीकरण की वजह से श्वसन रोग तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। यह अब महिलाओं और बच्चों में भी हैं जिनका धू्रमपान का कोई इतिहास नहीं है। ऐसे में इन रोगियों की समय पर पहचान कर उपचार करना चुनौतीपूर्ण है। इसके साथ ही वायु प्रदूषण के कारण कफऔर खांसी के रोगी बढ़ रहे हैं। बच्चों में अस्थमा बढ़ रहा है। उन्होंने इस दिशा में और अधिक शोध की आवश्यकता बताई। उद्घाटन समारोह के अंत में विभागाध्यक्ष प्रो. सजल डे ने धन्यवाद दिया।

सिम्पोजियम में दिल्ली, जोधपुर के एम्स और पीजीआई चंडीगढ़ के चिकित्सकों ने यूजुअल इंटरइसटिशियल न्यूमोनिया के लक्षण, दुष्प्रभाव और उपचार पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर डीन प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल, डॉ. रंगनाथ टीजी, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. सरोज पति, डॉ. उज्ज्वला गायकवाड़, डॉ. जॉयदीप सामंता, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. विजय हड्डा और डॉ. नवीन दत्त ने भी पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में आ रहे परिवर्तनों और उपचार विधियों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

न्यूज गैलरी

रविन्द्र सिंह का जन्मदिन मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर कराटे एकेडमी के द्वारा छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह का जन्मदिन नेपाली समुदायिक भवन हेमू नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें नेपाली समाज के अध्यक्ष हरि गुरुंग रवीश मिश्रा सुशील दीक्षित राकेश मिश्रा एवं जिला कराते संघ बिलासपुर के अध्यक्ष ठाकुर करण सिंह जी के नेतृत्व में कराते परिवार के लगभग 40 से 50 बच्चों के बीच फाटकों,माल्यार्पण के साथ रविंद्र सिंह जी का स्वागत किया गया। बच्चों को संबोधित कर रविंद्र सिंह जी ने कराते खेल को स्वास्थ्यवर्धक आत्मरक्षा की कला का अद्भुत संगम बतलाया मानव शरीर को तंदुरुस्त रखने के साथ खेल के जरिए भविष्य को उज्जवल बनाया जा सकता है। यह संदेश बच्चों को दिया । इस कार्यक्रम में रविंद्र सिंह जी के साथ समाज सेवक प्रशांत पांडेय संजय यादव संतोष पांडेय विजय प्रधान कमलेश चौहान समीर खान बनी कुमार गणेश निर्मलकर किरण राव सुजीत बाघमारे एवम कराटे खिलाड़ी दिव्य साहू शिवानी बुधौलिया अंजलि सेन अन्नपूर्णा शिल्पी मुस्कान सोमेश्वरी वर्षा अदिति काव्या सिंह नव्या सिंह सार्थक सिंह एवं अन्य कराटे खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लापरवाही नहीं होगी स्वीकार : सीईओ

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत सभा कक्ष में सीईओ जिला पंचायत लीना कोसम की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। राज्य कार्यालय से जिले को 1507 आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके विरुद्ध आज पर्यंत 550 आवास पूर्ण हुए है। शेष लक्ष्य पूर्ति में निराशाजनक प्रगति रखने वाले जिले के 99 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायकों से हितग्रहीवार विस्तृत समीक्षा हुई। हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि प्राप्त है तथा इनके आवासों को पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में राज्य कार्यालय से सभी प्रकार की किस्ते, निर्माण कार्य पूर्ण कराने के उपरांत एक सप्ताह के भीतर अगली किस्त हितग्राही के खातों में प्राप्त हो जा रही है। समीक्षा बैठक में दिए गए लक्ष्य को तीन चरण में विभक्त किया गया था। तीनों चरणों में खराब प्रगति और संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने वाले 38 सचिव व रोजगार सहायक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने तथा 10 सचिवों को कल कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिला सीईओ कोसम ने सभी सचिव व रोजगार सहायकों से चर्चा के दौरान समस्या और परिस्थिति को देखते हुए, ग्राम पंचायत में लक्ष्य पूर्ति के लिए शेष का आधा भाग 15 मार्च 2023 तक शेष आधे भाग को 31 मार्च 2023 तक करने का अंतिम अवसर दिया है। 31 मार्च 2023 के बाद किसी ग्राम पंचायत में आवास पूर्णता शेष रहती है तो संबंधित सचिव व रोजगार सहायक पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जायेगी। तीनों चरणों में अच्छा कार्य करने वाले रामानुजनगर जनपद के लेडुआ ग्राम पंचायत को सराहा गया। बैठक में जिले व जनपद स्तर पर योजनान्तर्गत पदस्थ के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनमडीसी बचेली लोडिंग प्लांट में लगी आग

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के एनमडीसी बचेली के लोडिंग प्लांट में आग लग गई। ट्रेन में लौह अयस्क में भरने

वाले लोडर में अचानक से आग लग गई, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में अब तक जनहानि की कोई खबर नहीं है, पर लोडर जलकर खाक हो गया है। हादसा उस वक्त हुआ जब विशाखापटनम वाली ट्रेन में लौह अयस्क भरने का काम जारी था। इस आग में ट्रेन को भी नुकसान हो सकता था, पर हादसा टल गया। हादसे के बाद बचेली से ट्रेन की लोडिंग का काम बंद हो गया है।

मौके पर पहुंची सीआईएसएफकी दमकल

बचेली में लोडर में लगी आग के बाद मौके पर बचेली पुलिस सहित सीआइएसफकी दमकल टीम भी मौके पर पहुंच गई है। दमकल टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। आग कैसे लगी इसका अभी तक कोई पता नहीं लग पाया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस और दमकल की टीम मौजूद है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह : 188 वर-वधु बने हमसफर

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर के मंगल भवन में रविवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 188 जोड़ों का विवाह कराया गया। इस मौके पर सरगुजा आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेल साय सिंह, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, कलेक्टर इफ्फत आरा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने नवदम्पत्तियों को सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में प्रेमनगर विधानसभा अंतर्गत सूरजपुर विकास खण्ड के 80 वर-वधुओं एवं भटगांव विधानसभा अंतर्गत मंगल भवन भैयाथान में भैयाथान विकास खण्ड के 56 एवं ओड़गी विकास खण्ड अंतर्गत 52 इस प्रकार कुल 188 वर-वधुओं ने नव दंपति के रूप में सात फेरे लिए। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए एक सौगात है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संवेदनशील सोच है कि बेटियों का विवाह बिना किसी पारिवारिक खर्च के आसानी से हो। इसी सोंच के चलते उन्होंने योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले राशि पच्चीस हजार रुपए से बढ़ाकर 50 हजार रुपए देने का निर्णय लिया है। इससे मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन और अच्छे से हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद ज्ञापन किया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुल 181 हिन्दू जोड़े, 1 मुस्लिम जोड़े एवं 6 क्रिश्चन जोडों ने नव दम्पति के रूप में फेरे लिए। योजना के तहत प्रति कन्या विवाह के आयोजन एवं व्यवस्था पर शासन द्वारा 25 हजार रुपये की राशि खर्च की सीमा तय है।

जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी समन्वय के साथ करें कार्य : सांसद

- **जल जीवन मिशन अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो कार्य, अस्पतालों में चिकित्सकों तथा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता, बिजली आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के दिए निर्देश**

कोरिया/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद एवं दिशा समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वयक और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में श्रीमती महंत ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में सभी कार्यों की स्थिति संतोषप्रद है, जिला अधिकारी विभागीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनहित को ध्यान में रख लम्बित कार्यों को जल्द पूर्ण करें तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें।

बैठक में श्रीमती महंत ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अस्पतालों में चिकित्सकों की उपलब्धता, आवश्यक उपकरणों तथा पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता, सहायिका समय पर उपस्थित हों। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत जिले में हुए कार्यों की विस्तृत सूची उपलब्ध कराएं तथा सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण ढंग से जल्द कार्य पूर्ण करें, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या ना हो। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घर-घर तक बिजली पहुंचे,जहां ट्रांसफार्मर की समस्या है वहां तत्काल समस्या का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों में शामिल करें जिससे वे बेहतर प्रशासन में सहभागिता दे सकें। इसके साथ ही उन्होंने लोगों की सुविधा हेतु तालाब गहरीकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट, जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा विद्यालयों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधयों से कहा कि क्षेत्र भ्रमण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिधि तथा अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि लोगों को लाभ मिल सके।

बैठक में संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अंबिका सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, उपाध्यक्ष श्री वेदांती तिवारी एवं जिला व जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कार्यों की समीक्षा हेतु आयोजित इस संयुक्त बैठक में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कोरिया जिले और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर हेतु कलेक्टर पी.एस.ध्रुव ने शासकीय योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जानकारी दी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, पीएमजीएसवाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील, एकलव्य विद्यालयों, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम तथा अन्य योजनाओं एवं कार्यक्रमो से संबंधित कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मां महामाया मंदिर प्रांगण में 29 बेटीओं के हाथ हुए पीले

नगरी/नवप्रदेश। पवित्र महानदी उद्गम स्थल सिहावा क्षेत्र के विकासखण्ड नगरी से 6 किलोमीटर दुर ग्राम फरसिया के मां महामाया मंदिर परिसर में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला यह पुरा परिसर विशाल विवाह मण्डल में बदल गया था अवसर था सिहावा क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव के पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किये जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का इस आयोजन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र के अलग ड्ड अलग विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों के 29 जोड़ो का सामूहिक विवाह मां महामाया मंदिर फरशिया के पंडित नीलकमल शर्मा वैदिक मंत्रों के उच्चार के साथ वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

फाल्गुन मास के अवसर पर यह विशेष पर्व था जब सिहावा पवित्र धारा के गरीब 29 बेटीयों के हाथ सैकड़ों लोगों के गवाही में हाथ पिले हुये, महानदी के उद्गम स्थल और श्री श्रृंगी ऋषि एवं अन्य ऋषियों के पवित्र धारा में बेटीयों को क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मचारीयों का आर्शीवाद मिला।वैदिक मंत्रों उच्चार और रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ इसके पूर्व वधु एवं वर पक्ष से घराती के अलावा अधिकारी कर्मचारी लोग बाराती और घराती बने उक्त अवसर पर वर पक्ष को बाजे गाजे के साथ स्वागत कर बारात निकाली गई वही वधु पक्ष के लोग हाथ जोड़ कर स्वागत किया पूरा मां महामाया मंदिर प्रांगण विवाह में नजर आ रहा था, इस अवसर पर विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने वर वधु को आर्शीवाद देते हुये कहां कि यहां मेरे लिये शुभ अवसर है कि आज सिहावा विधानसभा के पवित्र धारा पर यहां सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया हैं उन्होंने आगे कहां कि आज पूण्य कार्य हो रहा है जहां गरीब बेटीओं को आर्शीवाद मिल रहा हैं उन्होंने कहां कि परिवार की जिम्मेदारी बेटीयों पर होती हैं वे समाज और परिवार को जोड़ कर रखती हैं। बेटीयां शासन की योजना का लाभ उठाकर सक्षम बने उन्होंने सभी नवदम्पतियों को उपहार देने के साथ उनके सफल और स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनाएं देते हुये बंद लिफाफे में उपहार दिये।

उक्त अवसर पर मीना बंजारे सभापति जिला पंचायत धमतरी, सविता सोन प्रवक्ता जिला महिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, राजेन्द्र सोनी सदस्य कृषि उपज मण्डी समिति नगरी, रूद्रप्रताप नाग विधायक प्रतिनिधि नगरी, मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य धमतरी, उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज नगरी, बिंदेश्वर ध्रुव, प्रदीप सोन, लीलेश्वर पटेल, अजीत सिन्हा, रेणुका ध्रुव जनपद सदस्य, दलगंजन सिंग मरकाम जनपद सदस्य, पन्ना लाल मरकाम सरपंच गढ़डोंगरी, मीना ध्रुव सरपंच, सुलोचना साहू सभापति महिला बाल विकास विभाग धमतरी, जवाहर अनीता साहू (बेलरगांव), पुष्पा मोहिले मेहतरीन डोंगरडुला सहित कांग्रेस के विभिन्न संगठन के लोगों के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

बेलरगाँव में रामबालकदास महात्यागी का आगमन

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगाँव ,पाटेश्वर धाम के योगी रामबालकदास महात्यागी का संक्षिप्त सिगपुर नगरी सिहावा प्रवास के दौरान आदर्श गौरव ग्राम बेलरगाँव में नारद साहू के निवास में कुछ समय के लिए रुके जहां परिवार के साथ स्वागत कर आशीर्वाद लिया ।एवं महा त्यागी रामबालक दास जी द्वारा सभी को पाटेश्वर धाम में होने वाले महायज्ञ में शामिल होने का आमंत्रण दिया और गांव में धर्मांतरण हो रहे उसके बारे में चर्चा किया गया । ग्राम के द्वारा महा त्यागी राम बालक दास का

स्वागत अभिनन्दन किया गया जिसमें अध्यक्ष लिलम्बर साहू कृषि एवं ग्राम विकास समिति बेलरगाँव उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू सुभाष चंद्र साहू तहसील साहू समाज नगरी महासचिव ग्राम के वरिष्ठ लखनलाल साहू,बंशी लाल साहू, हिन्दू संगठन बेलरगांव अध्यक्ष रजनीकांत देवांगन टेकराम पटेल,मोहित निषाद, कमलेश देवागंन, हिमाशु देवागंन, मौरधोज सेन,टकेश पटेल ,उमेश देवागंन ,देवेन्द्र साहू, मोन्टू साहू, कुमारी बाई साहू , नरेन्द्र साहू बबीता साहू वीणा देवी साहू ,महिमा साहू, खुशी साहू योगराज साहु एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।स्वागत अभिनन्दन में ग्राम पटेल मनहरण लाल साहू, ग्राम के वरिष्ठ हृदय साहू,जिला महामंत्री भाजपा प्रकाश बैस,मंडल अध्यक्ष नगरी मोहन नाहटा, एडवोकेट सुरेश कुमार प्रजापति, विकास जैन, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष महेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सरजू राम साहू,सचिव विनोद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष चेश्वर साहू,किर्तन साहू, यतीन्द्र ध्रुव, हेमंत चंदन,वेद प्रकाश सेन, कन्हैया लाल साहू,अमृत सेवई,शिव विश्वकर्मा, अज्जू खवास एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

एएम व एनएस इंडिया के सीएसआर पहल से संवर रहा ग्रामीणों का जीवन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। गांवों में किचन गार्डन सीएसआर के तहत एएम/एनएस इंडिया किरंदुल के कृषि प्रशिक्षक ने किसानों के साथ पाइपलाइन क्षेत्र में उन्नत फसल तकनीक की शुरुआत की। सीएसआर टीम द्वारा किरंदुल बस्ती में नर्सरी विकसित की गई है तथा किरंदुल, मडाडी और चोलनार में 35 डिसमिल में फसल के लिए नर्सरी तैयार की गई है, दंतेवाड़ा के 5 किसानों को हरी पत्तेदार सब्जी और लोबिया का बीज वितरण किया गया।

शासकीय अरविंद कॉलेज किरंदुल-दंतेवाड़ा में सीप मशरूम की खेती

एएम/एनएस इंडिया सीएसआर टीम द्वारा आजीविका के साधन विकसित करने कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से शासकीय अरविंद कॉलेज किरंदुल में स्नातक छात्रों के प्रदर्शन के लिए सीएसआर टीम और सब्जी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में एक नई मशरूम की खेती की इकाई प्रारंभ की गयी है, जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र तकनीकी जानकारी और स्पॉन की उपलब्धता प्रदान कर रहे हैं। यह गैर कृषि आय सृजन गतिविधि सीखने और उन्मुखीकरण के बाद ग्रामीणों में रुचि पैदा करेगी।

दंतेवाड़ा के ग्रामीण गुड़ बना कर कमा रहे लाभ

दंतेवाड़ा के फूलपाड़ गांव के 5 ग्रामीणों ने जंगली खजूर के पेड़ से कटाई और रस निकालने की तकनीक सीखने के बाद गुड़ बनाकर स्थानीय बाजार में बेचना शुरू कर दिया। चूंकि गुड़ को बिना किसी रसायन या कृत्रिम सामग्री के प्रसंस्कृत किया जाता है, इसलिए यह बहुत स्वस्थ होता है। पाम गुड़ सफेद चीनी का एक उत्कृष्ट विकल्प है और पौष्टिक है और इसके औषधीय मूल्य के कारण बाजार मूल्य अधिक है। ये किसान इसे 200 से 250 रुपए किलो के हिसाब से बेचते हैं। इस गुड़ की भारी मांग है।

लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी योजनाओं का करें क्रियान्वयन : अजगल्ले

- **सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक संपन्न**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद श्री गुहाराम अजगल्ले ने आज दिशा समिति की बैठक लेते हुए गरीब और कमजोर लोगो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के उद्देश्य को समझते हुए आजीविका के विविध स्त्रोतो को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा सांसद गुहाराम अजगल्ले की अध्यक्षता में आज जिला विकास एवं समन्वय निगरानी समिति (दिशा) की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सांसद ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने कहा।

दिशा समिति की बैठक में सांसद ने मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्धारित गाइडलाइन अनुसार विभिन्न कार्य कराये जाने कहा। उन्होंने कहा कि स्व सहायता समूह को मसालें, मिर्च पाउडर, हल्दी उत्पादन, कोसा उत्पादन आदि कार्यों के लिए प्रशिक्षण देते हुए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित कराना जरूरी है। जिससे वे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भर बन सके। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को सड़कों की केन्द्र, राज्य व विभाग द्वारा जांच किए जाने पर उसकी रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराए जाने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों के घरों के बाहर तक नहीं बल्की उनके घरों के आंगन तक नल कनेक्शन दिए जाने कहा। उन्होंने सुव्यवस्थित पाइप लाइन बिछाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जनता को पानी की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराये जाने कहा। सांसद ने प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना मद अंतर्गत कमजोर वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों का नियमित मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की क्षमता, वेंटिलेटर बेड की जानकारी ली तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने कहा। उन्होंने जिले में उद्यानिकी विभाग के कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करते हुए ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित कराये जाने कहा।

जिले में ईंट का अकाल, यूपी के ईंट से कराया जा रहा भवन निर्माण

- **मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के अधिकारियों को कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले में नही मिला ईट**

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। 1997 में डेविड धवन द्वारा निर्देशित हिन्दी भाषा की फिल्म हीरो नम्बर वन का यूपी वाला ठुमका लगाए गाना काफी मशहूर हुआ था, इतने वर्षो बाद अब छत्तीसगढ़ राज्य के अविभाजित कोरिया जिले में यूपी का ईंट भी मशहूर होने लगा है तभी तो पूरे छत्तीसगढ़ के तमाम ईंट भट्ठों के ईंट को दरकिनार कर इन दिनों वन विभाग द्वारा कार्यालय निर्माण में उत्तर प्रदेश के ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण और लागत में कमी तथा गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा सभी तरह के सरकारी निर्माण कार्यों में लगने वाले लाल ईंट की जगह फ्लाई ऐश ईंट से कार्य कराने का निर्णय काफी पहले ही ले लिया गया है, और बावत बकायदा समस्त सरकारी निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। लेकिन संबंधित निर्माण कार्य एजेंसी वन मंडल मनेन्द्रगढ़ शासन-प्रशासन के इन दिशा-निर्देशों और नियम कायदों को ठेंगा दिखाते हुए सरकारी निर्माण कार्य में राज्य से बाहर के लाल ईंटों से ही भवन का निर्माण करा रहे हैं। जब कि जिले में ग्राम पंचायत से लेकर सबसे बड़ी सरकारी निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग सभी लाल ईंटों के बजाय फ्लाई ऐश से निर्माण कार्य करा रहे हैं किन्तु वन मंडल मनेन्द्रगढ़ डीएफओ अपने हठधर्मिता और फिक्स जुगाड़ के कारण में शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाने अग्रसर दिखाई दे रहे है।

जानकारी अनुसार ब्लॉक मुख्यालय जनकपुर में सरकारी वन विभाग कुवारपुर का लगभग पच्चीस लाख रुपये से निर्मित शासकीय कार्यालय भवन उत्तर प्रदेश के लाल ईंटों से खड़ा किया जा रहा है। यह सरकारी भवन लगभग पूर्ण होने के कगार पर पहुँच चुका है। लेकिन न तो कार्य एजेंसी ने कभी अपने ठेकेदार से सवाल किया और न ही प्रशासनिक अधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विभागीय कार्य की इस मनमानी पर ध्यान दिया। जबकि अविभाजित कोरिया जिला प्रशासन के बड़े अधिकारी का साफतौर पर निर्देश है कि सरकारी निर्माण कार्य फ्लाई-ऐश ईंटों से ही कराया जाए। उन्होंने तो प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रारंभ पूर्व बकायदा जिले के फ्लाई ऐश ईंट निर्माताओं की बैठक भी ली थी और उन्हें निर्देश दिए थे कि वे बड़ी संख्या में फ्लाई ऐश ईंटों का निर्माण करें, क्योंकि इनका उपयोग पीएम अवास के साथ विभिन्न सरकारी निर्माण में किया जाएगा। लेकिन जिला प्रशासन के मुखिया के निर्देशों को उनके ही अधीनस्थ विभाग के अधिकारी ठेंगा दिखा रहे हैं और बेधड़क सरकारी निर्माण में लाल ईंट खपा रहे हैं। पूर्व में वहा पदस्थ जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत भी किया गया है। लेकिन फिलहाल जांच की बात कही जा रही है।

लाल ईंट बनाने के सभी भट्ठे अवैध

जिले के खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जितने भी लाल ईंट के भट्ठे संचालित किए जा रहे हैं वे सभी अवैध हैं। सरकार ने लाल ईंट पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगा रखा है। ऐसे में ठेकेदार बिल कहां से लगा रहे हैं। इंजीनियर मूल्यांकन कैसे करते हैं? यह सब जांच का विषय है। माना जा रहा है कि इस हथकंडे से टैक्स की बड़ी चोरी भी की जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन इस पर पूरी तरह खामोश है।

आखिर उत्तर प्रदेश की ईंट वन विभाग में क्यो -विदित है कि कोरिया व नवीन जिले में सभी ब्लाक मुख्यालय में लगभग फ्लाई ऐश से निर्मित ईट प्रति नग चार से पाँच रुपये में उपलब्ध है जो कि कम दर में वन विभाग को मिल सकता था किंतु कुर्सी में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों ने नियम को ताक में रख जिले के बजाय अन्य राज्य से इससे महंगे दाम में सात से आठ रूपये प्रति नग के हिसाब से ईट मंगाया जिससे अधिकारी की भूमिका को लेकर सवाल उठना लाजमी है कि क्या जिले में गुडवत्ता युक्त ईट नही है!

क्या कहते हैं जिम्मेदार

लाल ईंट और सीमेंट ईंट दोनों की क्वालिटी और कीमत जिले में समान है, इसलिए मूल्यांकन करने में हमें कोई दिक्कत नहीं है।'किन्तु उत्तरप्रदेश से ट्रक में ईट क्यो मंगाया गया इस संबंध में कुछ भी कहने से मना कर दिया वही शिकायत मिलने पर जाच की बात कही -यू पी पैकरा ,उप वन मंडल अधिकारी जनकपुर ,मनेन्द्रगढ़ वन मंडल।

न्यूज गैलरी

डॉ. अजीज रफीक की छत्तीसगढ़ी कहानी सूजी कस नोक मया कल प्रसारित

मुंगेली/नवप्रदेश। आगर साहित्य समिति के मीडिया प्रभारी और कहानीकार डॉ. अजीज रफीक छत्तीसगढ़ी कहानी सूजी कस नोक मया आकाशवाणी बिलासपुर केंद्र से 14 मार्च मंगलवार की शाम 5 बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जमीन विवाद को लेकर पुत्र ने की पिता की हत्या

कोरबा/नवप्रदेश। जमीन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के चलते होली के दिन नशे में धुत छोटे बेटे से पिता की कहासुनी हो गई। तब बेटे ने पिता को जमीन पर पटककर गिराया, फिर गला दबाकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उरगा थाना अंतर्गत करमंदी गांव में निवासरत 65 वर्षीय वृद्ध चमार सिंह गोड़ के मकान के साथ ही उसके दो बेटे कवल गोड़ 39 व पवन गोड़ 37 का अलग-अलग मकान है। चमार सिंह के नाम से गांव में मौजूद जमीन के बंटवारे को लेकर पवन से उसका विवाद चल रहा था। होली के दिन पवन नशे में धुत होकर घर पहुंचा, जहां जमीन बंटवारे को लेकर पिता.पुत्र के बीच कहासुनी हो गई। पिता ने नशे में बात करने की बात कहते हुए उसे एक झापट मारा। इतने में आक्रोशित होकर पवन ने पिता को जमीन पर पटककर गिराते हुए उसका गला दबा दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पवन वहां से अपने घर चला गया। सुबह जब वृद्ध नहीं दिखा तो बड़ा पुत्र कवल उनके घर गया, जहां वह मृत हालत में पड़ा था। बेसुध होने की सोचकर कंवल वाहन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना का पता चलने पर उरगा थाना में रिपोर्ट लिखाई गई, जहां मामले में आरोपी पुत्र पवन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

प्रेमी ने पति को भेजी पत्नी की वीडियो, अपराध दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। प्रेमिका की शादी होने के बाद नाराज प्रेमी ने उसके पति को पहले में उसके साथ बनी वीडियो भेज दी। इससे दांपत्य जीवन टूटने पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। उरगा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती की पिछले माह मानिकपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाले पुलिस जवान से शादी हुई। युवती का शादी से पहले गांव के एक युवक के साथ प्रेम-संबंध था। शादी होने पर युवती ने युवक से दूरी बना ली। दूसरी ओर युवक उसे शादी के बाद भी प्रेम संबंध बनाए रखने दबाव बनाने लगा था। वह अपने साथ बने उसकी आपत्तिजनक वीडियो को उसके पति को भेजने की धमकी देता था। युवती ने उसकी बातों को नजर अंदाज कर दिया। इससे नाराज प्रेमी ने उसके साथ की वीडियो उसके पति को भेज दी। पत्नी के शादी से पहले युवक से प्रेम संबंध का वीडियो देखते ही नवदंपति का दांपत्य जीवन टूटने की स्थिति पर पहुंच गया।

दूधीटांगर जंगल में पहुंचे 20 हाथियों का दल

कोरबा/नवप्रदेश। वन मंडल कोरबा के करतला रेंज से 12 हाथियों का झुंड छाल की ओर जाने के बाद बालको रेंज में 20 हाथियों का झुंड 2 सप्ताह से एक ही स्थान पर घूम रहा है। झुंड में 6 बच्चे होने की वजह से हाथी आगे नहीं बढ़ रहे हैं। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है। झुंड में बच्चे होने की वजह से हाथी आबादी क्षेत्र से दूर ही रहते हैं। बालको से लेमरू मार्ग पर दूधीटांगर के पास हाथी जंगल को नहीं छोड़ रहे हैं। रेंजर के अनुसार हाथियों का झुंड बच्चों की सुरक्षा पर अधिक ध्यान देता है। ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी गई है।

लहरे और पाटले को भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव एवं प्रदेश संगठन मंत्री पवन कुमार साय की अनुमति से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारी की घोषणा की गई है। कोरबा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी ऋषि केशरी और सह प्रभारी मोतीलाल डहरिया को नियुक्त किया गया है। कोरबा जिला एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती सुनीता पाटले को अंबिकापुर जिला का प्रभारी व सह प्रभारी डॉण् जय कुमार लहरे को नियुक्त किया गया है। श्रीमती सुनीता पाटले और डॉण् जय कुमार लहरे ने भाजपा संगठन की इस जिम्मेदारी को प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय को आश्वस्त किया है कि वे संगठन के सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे।

सामुदायिक भवन निर्माण का विरोध

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिलान्तर्गत वार्ड क्रमांक 29 पौड़ीबाहर में एसएलआरएम सेंटर के समीप बनने वाले सामुदायिक भवन का विरोध यहां रहने वाले स्थानीय लोगो के द्वारा किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि वार्ड में कई सामुदायिक भवन है ऐसे में नए भवन की आवश्यकता नहीं है। उनका कहना हैं की विगत कई वर्षो से एक खेल मैदान की मांग की जा रही है। जिस पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं ले रहा है। लोगों ने सामुदायिक भवन को लेकर यह भी आरोप लगाया जा रहा हैं कि नवनिर्मित सामुदायिक भवन आने वाले दिनों में एक समुदाय विशेष को दिया जाएगा जो कि गलत है, वार्ड के लोगों ने अपनी समस्या से पार्षद प्रदीप राय को भी अवगत कराया है। जिस पर पार्षद प्रदीप राय ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर वार्ड के लोगों की समस्या से अवगत कराने की बात कहीं है।

रामनवमी पर बाइक रैली और शोभा यात्रा निकालेंगे

कोरबा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पाली में रामनवमी का पर्व भव्य और ऐतिहासिक बनाने बैठक में निर्णय लिए गए। पर्व के 1 दिन पहले 29 मार्च को नगर में बाइक रैली निकाली जाएगी। रामनवमी 30 मार्च को होने की वजह से साप्ताहिक बाजार को 31 मार्च को लगाया जाएगा। शिव मंदिर घाट पर हर महीने पहले सोमवार को गंगा आरती की तर्ज पर आरती और दीप प्रज्वलित करने का भी निर्णय लिया गया। समिति ने महाराष्ट्रीयन बैंड, डीजे, धुमाल, झांझ मंजीरा, करमा नृत्य टोली, रथ के लिए भी प्रयास करने पर सहमति दी। शोभा यात्रा जलाराम मंदिर से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंचेगी। यहां महाआरती और भंडारा होगा। इस मौके पर आतिशबाजी और बिजली झालर से सज्जा भी की जाएगी। पूरे नगर तोरण झंडे से सजावट के साथ ही भगवा ध्वज, हर घर में पांच दीप जलाए जाएंगे। मार्ग पर शोभा यात्रा के दौरान भक्तों के लिए जलपान, फल और शरबत के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। शुभ यात्रा के लिए भगवान श्री राम की लगभग 10 फीट की मिट्टी की मूर्ति भी तैयार कराई जाएगी। आयोजन में आसपास के ग्रामीणों को भी जोड़ा जाएगा। नगर के आसपास विभिन्न धार्मिक, स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाए महिला मंडल और नारी शक्ति को भी जोड़ने के साथ ही प्रत्येक घर से सदस्य शामिल होंगे। इसके लिए भी पहल समिति करेगी। शोभा यात्रा के लिए भगवा ड्रेस कोड तय किया गया।

नृत्य में मां दुर्गा के नौ रूपों की दी जीवंत प्रस्तुति

कोरबा-जांजगीर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र एबीवीटीपीएस मड़वा के आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल सीनियर क्लब द्वारा 8 मार्च की पूर्व संध्या पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आकृति महिला मंडल के सदस्यों ने इस अवसर पर नारीशक्ति के रूप में मां दुर्गा के नौ रूपों और मां काली के रौद्र रूप को नृत्य प्रस्तुति के साथ दिखाया गया। साथ ही सदस्याओं द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती के बीच अटूट प्रेम व सर्मपण भाव की प्रस्तुति दी गई। महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महिला दिवस पर आकृति महिला मंडल द्वारा नारीशक्ति का बखान करते हुए भारत की ख्यातिलब्ध नारियों के देशप्रेम एवं योगदान को याद किया गया। इस मौके पर भागवत गीता एवं पुराणों का व्याख्यान किया गया। इसके साथ ही महिला मंडल के सदस्यों द्वारा रैंप वॉक और इंद्रधनुषी छटा के साथ रंगउत्सव की प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष निवेदिता बंजारा द्वारा महिला मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्याओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ इंदु साहू एवं सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अर्निका लकरा, लता कोसरे, नीना तिवारी, कमला सिंह और चारूलता देवांगन, सचिव दीपा साहा, सहसचिव सुषमा तारेंद्र, कोषाध्यक्ष पूनम कश्यप, सांस्कृतिक सचिव नीतू देवदत्त एवं सदस्याओं ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

होली में मामा घर आये छात्र हादसे का शिकार

■ सीवरेज की 40 फीट गहरी टंकी खुली छोड़ी, गिरकर छात्र की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। होली मनाने मामा के घर आए 17 वर्षीय स्कूली छात्र की सीवरेज की टंकी में गिरने से मौत हो गई। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है। करीब 40 फीट नीचे गहराई से उसे सीढ़ी व रस्सी से बाहर निकाला गया। सरकंडा बंधवापारा निवासी आदित्य वैष्णव पिता बिहारी वैष्णव (17) 9वीं का छात्र था। उसके मामा लोमस वैष्णव पुराना पावर हाउस तोरवा में रहते हैं। आदित्य यहां होली मनाने आया था। शनिवार की रात करीब 8.20 बजे वह मामा के घर के आसपास ही अपने एक साथी के साथ टहल रहा था।

दोनों में हंसी-मजाक चल रहा थी। इसी दौरान उस इलाके का एक विक्षिप्त युवक आया और दोनों को ईंट उठाकर मारने के लिए दौड़ाया। आदित्य व उसके साथी वहां से इधर उधर भागे। पास में ही

सीवरेज पंपिंग हाउस का गेट खुला है। आदित्य भागते हुए उसके भीतर चला गया। वह यहां नया नया आया था। इसलिए उसे भीतर की खुली टंकी के बारे में पता नहीं था। अंधेरा होने के कारण वह भागते समय इसमें गिर गया। अंदर लोहे की रॉड लगी थी।

इसमें उसका सिर टकराया फिर वह करीब 40 फीट गहराई में चला गया। अंदर पानी था। सूचना मिलने पर आदित्य के मामा लोमस व अन्य लोग पहुंचे और सीढ़ी रस्सी की मदद से टंकी में उतरे।

14 साल में 12 लोगों की मौत, 62 घायल

शहर में सीवरेज प्रोजेक्ट का काम अक्टूबर 2008 में शुरू हुआ था तब से पाइप लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन, मेनहोल, प्रापर्टी चेंबर के निर्माण के काम के दौरान अलग अलग स्थानों पर सड़कों की खुदाई की गई। इसके बाद चेंबर लगाए गए। इस प्रोजेक्ट के दौरान 14 साल के भीतर कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है और गड्ढों में गिरकर 62 लोग घायल हो चुके हैं।

सड़कों पर सीवरेज के मेनहोल खुले

शहर में जगह जगह सीवरेज का मेनहोल खुले हुए हैं। इससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। लोगों के घरों के सामने भी बच्चों के गिरने की आशंका है। शहर की सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों में सीवरेज की खुदाई की गई पर अभी भी ऐसे कई मेनहोल हैं जिनमें ढक्कन नहीं लगे हैं। निगम प्रशासन और सीवरेज ठेकेदारों की उदासीनता के चलते गड्ढे जस के तस पड़े हुए हैं।

वंदेभारत ट्रेन पर पत्थर मारने वाले नाबालिग पर दर्ज मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। शुक्रवार को नागपुर से बिलासपुर आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस में सरोना और रायपुर के बीच पत्थरबाजी की गई जिससे सी-13 कोच का एक शीशा टूट गया। इस मामले में आरपीएफने एक नाबालिग को पकड़कर उसके माता-पिता को बुलाया और समझाईश दी। उनके सामने उसका बयान दर्ज किया। उसके बाद नाबालिग के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया। वंदे भारत एक्सप्रेस में पथराव की बहुत से घटनाएं हुई हैं लेकिन मामला पहली बार पंजीबद्ध हुआ है

शुक्रवार को ट्रेन नंबर 20826 नागपुर- बिलासपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक ने मोबाइल के माध्यम से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी रायपुर को सूचना दी गई कि सरोना- रायपुर के

मध्य एक बालक जिसने काले रंग का पेंट एवं काले रंग का टी-शर्ट पहना है जिसमें सामने कुछ लिखा हुआ है, ने पत्थरबाजी की जिससे कोच संख्या सी-13 की एक खिड़की में पत्थर आकर लगा है। सूचना के आधार पर रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के पोस्ट प्रभारी अपने स्टाफ के साथ बताए गए क्षेत्र में पहुंचे और घटनास्थल के आस-पास क्रिकेट खेल रहे बच्चों से घटना के संबंध में जानकारी ली।

पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को सीएम हाउस के आदेशों की नहीं है परवाह

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मुख्यमंत्री निवास के आदेशों की परवाह नहीं है। कोरबा जिले के पत्रकार की झूठी शिकायत करवाकर छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास करने वाले सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पूर्व प्रभारी जिला अंकेक्षक जे एस पैकरा को निलंबित कर कोरबा जिले से अन्यत्र स्थानांतरण करने संबंधी दस्तावेजी शिकायत पर मुख्यमंत्री निवास से उमेश कुमार पटेल विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने 2 फरवरी 2023 को कार्यवाही करने दिए निर्देश के एक माह बाद भी पालन नहीं किया गया। वही सचिव भार साधक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के इस कार्यशैली से न केवल मुख्यमंत्री निवास के प्रति जनमानस में छवि खराब हो रही वरन षड्यंत्रकारी शासकीय लोक सेवक को निराधार शिकायत करने करवाने का बल मिल रहा। व्यथित पत्रकार ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की मुख्यमंत्री निवास से शिकायत करते हुए पखवाड़े भर के भीतर उचित कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री निवास के सम्मुख प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

यहाँ बताना होगा कि कोरबा जिले में ब्यूरो प्रमुख के पद पर कार्य कर रहे पत्रकार भुवनेश्वर महतो की व्यापक लोकहित में प्रकाशित खबर से बौखलाए सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पाली पूर्व प्रभारी जिला अंकेक्षक जे एस पैकरा द्वारा पत्रकार के विरुद्ध में षड्यंत्रपूर्वक सचिव संघ पोंडी, कोरबा के अध्यक्ष से शासकीय विकास कार्य के नाम से कोरे कागज पर दस्तखत लेकर ब्लैकमेलिंग एवं प्रताड़ना की कूटरचित झूठी शिकायत कराकर छवि खराब करने का कुत्सित प्रयास किया था। जिसे बाद में सचिव संघ के दोनों अध्यक्षों ने षड्यंत्र का आभाष होते ही वापस ले लिया था। वही प्रकरण में जिला कलेक्टर ने 12 अक्टूबर को षड्यंत्रकारी सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी पाली जे एस पैकरा को जिला अंकेक्षक के प्रभार से मुक्त कर मूल पद के लिए भारमुक्त कर दिया था।

धर्म को कभी भी राजनीति का विषय नहीं बनाना चाहिए : आचार्य प्रवर

कोरबा/नवप्रदेश। संतों व उनके विचारों को मानने वालों की भावनाओं को आहत करने वाली राजनीति गंदी राजनीति है। इस प्रकार की राजनीति तो कभी होनी ही नहीं चाहिए और न ही धर्म को कभी राजनीति का विषय बनाना चाहिए। कभी भी किसी को आहत करनेए दुखी करने या कष्ट पहुंचाने का भाव तो मन में होना ही नहीं चाहिए। देश व प्रजा के लिए अच्छी नीति बनाएं, नियम बनाएं इसी का नाम राजनीति है। नहीं तो सिर्फ और सिर्फ एक-दूसरे को लड़ाने की जो प्रवृत्ति चल रही है, वह हमारे देश को बांट देगी। इसे खत्म करना चाहिए। समाज और देश की जनता को जागरूक होना चाहिए। इस प्रकार के बंटवारे की जो बात करते हैं, निश्चित रूप से उन्हें रास्ता दिखाना चाहिए। यह बात वर्धमान आराधना भवन, इंदिरा विहार कॉलोनी टीपी नगर में पूज्य गुरुदेव अवंति तीर्थोद्धारक मरुधर मणि आचार्य प्रवर श्री जिन मणिप्रभसूरीश्वर जी महाराज ने शनिवार को चर्चा के दौरान कही। आचार्य प्रवर श्वेतांबर जैन समिति द्वारा आयोजित जिन मंदिर के 6 दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लेने यहां आए हैं।

सस्ते दाम में बेच रहे थे बाइक, पकड़े जाने पर हुआ चोर गैंग का खुलासा

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 11 बाइक बरामद किया गया है। गिरोह के सदस्य शहर के साथ ही जांजगीर-चांपा और बेमेतरा में भी सक्रिय हैं, जहां से बाइक चोरी कर लाते हैं और शहर के अलग-अलग इलाकों में खपाते हैं। पुलिस इस गिरोह के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ युवक शहर में अलग-अलग बाइक में घूम रहे हैं और उसे सस्ते दाम में बेचने की फिराक में है। खबर मिलते ही पुलिस ने संदेही युवकों की जानकारी जुटाई और घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इस दौरान उनकी बाइक को जब्त कर दस्तावेजों की मांग की गई। लेकिन, उनके पास बाइक के कोई कागजात नहीं मिले।

पुलिस ने तीन युवकों से अलग-अलग सख्ती से पूछताछ की, तब उन्होंने बाइक चोरी करने की जानकारी दी। युवकों ने बताया कि बिलासपुर के साथ ही दूसरे जिलों से भी गाड़ी चोरी किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चार पल्सर, तीन डीलक्स, दो स्प्लेंडर, एक एक्टिवा और एक सीबीजेड बाइक बरामद किया है। चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार तीनों आरोपी अलग-अलग इलाकों से हैं। इनके गिरोह में और भी सदस्य शामिल होने की आशंका है।

शिक्षा अधिकारी व निरीक्षण दल इंग्लिश स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला निरीक्षण दल प्रभारी सविता राजपूत द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल दाऊपारा मुंगेली परीक्षा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा का भौतिकी एवं भूगोल विषय का परीक्षा संचालित था।जिसमें क्रमशरू भौतिकी के दर्ज 54 में 52 तथा भूगोल के 46 में 46 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा नियमानुसार एवं शांतिपूर्ण संचालित पाया गया। उड़नदस्ता दल के साथ निरीक्षण में एपीसी संजय साहू भी उपस्थित रहे।

विवाह पंजीयन योजना के लिए लोग हो रहे जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में विवाह पंजीयन योजना की ओर लोगो को प्रारंभ में उतना रूचि नहीं थी। लोग भी अब जागरूक होते जा रहे है और हर योजना व नियमों का भरपुर लाभ उठा रहे है। जिसके चलते विवाह पंजीयन धीरे-धीरे प्रगति करती जा रही है तथा प्रारभिक में यह योजना धीमी गति से चल रहा था जिसके चलते इस पंजीयन योजना के मामले में जिले को फिस्सडडी के नाम से भी कहने लगे थे किन्तु अब यह विवाह पंजीयन योजना की ओर लोग पूर्ण रूप से जागरूक होने लगे है। इसका मुख्य कारण यह है कि अर्न्तजातीय विवाह है जिससे अगर लोग किसी अलग जाति से विवाह करते है और अपने विवाह का पंजीयन कराते है। तो सरकार के द्वारा उन विवाहीत जोड़ो को प्रोत्साहन राशि प्रदान करते है, इसी के कारण लोग इस योजना की ओर अग्रसर है तथा जैसे-जैसे जिले की स्थिति में सुधार आति जा रही है वैसे-वैसे लोग भी जागरूक होते जा रहे हैं।

जिले में विवाह पंजीयन में हर वर्ष बढोतरी होती जा रही है इस वजह से विवाह पंजीयन योजना के सन् 2013 मे 10, 2014 में 22, 2015 में 14, 2016 में एक भी पंजीयन नही कराया गया। वही 2017 में 23, 2018 में 35 , 2019 में अब तक के लगभग 56 लोगों ने विवाह पंजीयन कराया है। शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह पंजीयन योजना के मामले में जिला अभी भी फिस्सडडी साबित हो रहा है। यहां के अधिकांश ग्राम पंचायतों सहित नगरीय निकायों में प्रत्येक वर्ष जिस अनुपात में विवाह हो रहा है। उसकी तुलना में विवाह का पंजीयन शासकीय रिकार्डो में दर्ज नही हो पा रहा है। जबकि सभी ग्रमो पंचायतों एवं नगरीय निकायो के माध्यम से जितने भी विवाह सम्पन्न होते है उसका पंजीयन लगभग नही कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विवाह का पंजीयन के मामलें में दयनीय स्थिति है। जो सोचनीय एवं चितंन का विषय है इसके लिए जहां लोगों के बीच इस मामलें में व्यापक प्रचार प्रसार का अभाव है वही दूसरी तरफ अधिकारी की उदासीनता भी जिम्मेदारी है विवाह कां पंजीयन के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र में कई बार बाल विवाह जैसे गैर कानूनी कार्य भी होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

किसान कल्याण समिति ने प्रदर्शन कर एसईसीएल की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जताया विरोध

कोरबा/नवप्रदेश। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले शनिवार को एसईसीएल कोरबा एरिया के सुराकछार.बलगी उपक्षेत्र के सब एरिया दफ्तर के बाहर भैरोताल बस्ती के लोगों ने प्रदर्शन किया और कंपनी के सुराकछार खदान के पास खाली जमीन पर किए जा रहे कब्जे का विरोध जताया। एसईसीएल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर मौन रहकर अपनी सहमति देने पर बस्तीवासियों की नाराजगी सामने आई। करीब

घंटेभर के विरोध प्रदर्शन के बाद सब एरिया मैनेजर को ज्ञापन भी सौंपा।

समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया कि 60 साल पहले भैरोताल समेत करीब 16 गांवों की जमीन का कोयला उत्खनन के लिए एसईसीएल सब एरिया सुराकछार प्रबंधन ने जमीन अधिग्रहित की है। अब खदान बंद होने की कगार पर है, ऐसे में एसईसीएल प्रबंधन की क्षेत्र में खाली पड़े जमीनों पर बेजा कब्जाधारियों की नजर है। बाऊंड्रीवाल कराने समेत मकान का निर्माण कराया जा रहा है। दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही है। जमीन अनुपयोगी होने पर मूल खातेदारों को लौटाने की मांग की गई है। दो दिनों के भीतर बेजा कब्जा नहीं हटाने पर बस्तीवासी मौके पर ही जाकर जमीन खाली कराने बाध्य होंगे।

जल जीवन मिशन में महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। जल शक्ति सप्ताह के अवसर पर जल जीवन मिशन के तत्वधान में महिलाओ को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भागीदारी निभाई।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष कलेक्टर राहुल देव, कार्यपालन अभियंता खंड मुंगेली आईपी मांडवी के निर्देश पर महिला अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जल शक्ति सप्ताह आयोजित किया गया था। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मुंगेली पथरिया ब्लॉक एवं मुंगेली ब्लॉक में रंगोली प्रतियोगिता डांस प्रतियोगिता एवं रैली

का आयोजन किया गया। ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चो ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान जल जीवन मिशन के समन्वयक अमित श्रीवास ने महिलाओ को जल जीवन मिशन योजना संबंध में बताया। वही जल की गुणवत्ता जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया।

नि:शुल्क आरोग्य परामर्श शिविर दो सत्रों में आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। नि:शुल्क आरोग्य व परामर्श शिविर सूर्या फाउण्डेशन एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय में दो सत्रों में आयोजित किया गया। शिविर में सभी प्रकार के रोगों मोटापा, मधुमेह, दमा, ब्लड प्रेशर, हृदय एवं फेफड़ा से संबंधित रोग, चर्मरोग, कब्ज बवासीर, किडनी दोष, वातरोग, गठिया, जोड़ों में दर्द, हाथ-पैर में दर्द, महिलाओं से संबंधित रोग, कमरदर्द, अनियमित मासिक धर्म, कमजोरी, हिस्टीरिया, नेफ्राइटिस आदि की प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाकर उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा परामर्श एवं काउन्सलिंग किया गया।

प्रथम सत्र में छात्रों-शिक्षकों

एवं संस्था के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के लिए तथा दूसरे सत्र में आम नागरिकों के लिए किया गया। शिविर में मुख्य परामर्शदाता एवं अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के संस्थापक प्रो. एसडी भारती, सीएल सोनवानी छत्तीसगढ़ तथा डॉ. बीएन दिवाकर एवं सहायक चिकित्सक यूके ममता, किरण कुर्रे, केके बंजारे उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रार्थना एवं संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हुआ। सीएल सोनवानी द्वारा छात्रों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल, योग, व्यायाम तथा आहार में घर का भोजन और प्राकृतिक अमृत भोजन करने को कहा और बाह्य राक्षस भोजन जैसे फास्टफूड, होटलिंग आदि न करने की सलाह दी। प्रो. एसडी भारती द्वारा स्वस्थ्य रहने के लिए योग, उपवास एवं 100 दवा एक हवा को मूलमंत्र बताया। अधिक से अधिक मौसम के अनुसार फलों का उपयोग करने को कहा।डॉ. बीएन दिवाकर ने शारीरिक विभिन्न बिमारियों का ईलाज योग से बताया और हमेशा प्राकृतिक चिकित्सा एवं परामर्श के लिए ग्राम दुल्हिनबाय स्थित आरोग्य एवं परामर्श केन्द्र में सेवा हेतु उपलब्ध रहने की बात कही। मंच का संचालन संस्थाध्यक्ष दिवाकर ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य दिवाकर व डाहिरे ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक एवं आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जागरूक रहकर हम संभावित दुर्घटनाओं से बच सकते हैं : बंजारा

■ अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया गया

कोरबा-जांजगीर/नवप्रदेश। लापरवाहीपूर्वक कार्य से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी तो सबको रहती है लेकिन उससे होने वाले नुकसान का अहसास नहीं रहता, इसलिए दुर्घटनाएं होती हैं। दुर्घटना के शिकार व्यक्ति के साथ दुर्घटना का प्रभाव उसके परिवार, संस्थान और शुभचिंतकों को झेलना पड़ता है। इसलिए लापरवाहीपूर्वक कार्य कर कभी भी दुर्घटनाओं को आमंत्रित न करें। यह बातें कार्यपालक निदेशक एस के बंजारा ने राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में कही। उन्होंने कर्मचारियों एवं श्रमिकों से आह्वान किया कि जागरूक रहकर हम दुर्घटनाओं बच सकते हैं और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रबंधन को सहयोग दें।

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र एबीवीटीपीएस मड़वा में 4 से 10 मार्च तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मनाया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसके बंजारा अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजाबाबू कोसरे विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीके श्रीवास्तव, आलोक लकरा, आरजी देवांगन एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

न्यूज गैलरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साजा में कार्यक्रम

साजा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विधिक कार्य विभाग, एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन साजा के संयुक्त तत्वावधान में 10 मार्च को साजा नगर पंचायत सामुदायिक भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में विचार गोष्ठी, फिल्म शो के माध्यम से स्त्रियों के सशक्तीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। इस समारोह में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शालाओं के 40 शिक्षक सहित 150 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के सदस्यों द्वारा स्वागत व्यक्तव्य के साथ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथि साजा बीईओ नीलेश कुमार चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के माध्यम से स्त्री सशक्तिकरण की बात कही। बेमेतरा सिविल कोर्ट की अधिवक्ता सलमा शरीफ रजनी पांडे एवं साजा की सिविल न्यायाधीश अंकिता मुदलियार ने संयुक्त रूप से भारतीय संविधान प्रदत्त समानता के अधिकार की चर्चा करते हुए स्त्रियों के साथ होने वाले शोषण के खिलाफभारतीय दंड संहिता में उल्लेखित दंड के प्रावधानों से परिचित कराया। इस क्रम में गुड टच और बैड टच से संबंधित विडियो दिखाते हुए इसपर विस्तृत चर्चा भी की गई। महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी साजा साधना मौर्य ने स्त्री सशक्तिकरण के लिए बेटियों को आगे आने की बात कही। शासकीय प्राथमिक शाला, सैगोना की शिक्षिका हेमकल्याणी सिन्हा ने अपने स्कूली जीवन यात्रा-संघर्ष को साझा किया। साजा की महिला आरक्षक सरला भारती जी ने सामाजिक सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका' विषय पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मनोरंजन सह क्षमतावर्द्धन के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, भाषा, गणित आदि विषय के कोर्नर भी अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के सदस्यों द्वारा लगाए गए थे। इसमें शामिल गतिविधियों ने उपस्थित अतिथियों व दर्शकों को गुदगुदाया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास में इन गतिविधियों की महत्ता से भी परिचित हुए। इस दौरान बीईओ साजा नीलेश कुमार चंद्रवंशी, बीआरसी साजा बीडी बघेल, सिविल न्यायाधीश साजा श्रीमती अंकिता मुदलियार, सीईओ जनपद पंचायत साजा उपस्थित रहे। उद्घोषक की भूमिका में जय प्रकाश थे। धन्यवाद ज्ञापन अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के बेमेतरा जिला संयोजक गुलशन एवं हुमा ने किया।

नियमितीकरण को लेकर सख्त हुआ निगम

भिलाई नगर/नवप्रदेश। अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण को लेकर निगम प्रशासन सख्त हो गया है। इसके दायरे में आने वाले सभी को नियमितीकरण कराना होगा। नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर कार्यवाही भी होगी। अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के लिए बहुत ही कम समय बचे हुए हैं, इस समय का फायदा उठाते हुए नियमितीकरण के लिए आर्किटेक्ट के माध्यम से शीघ्र आवेदन करना होगा अन्यथा कार्यवाही तय है। इसलिए शीघ्र ही नियमितीकरण के लिए अप्लाई कर ले और कार्यवाही से बचें। अनाधिकृत विकास व निर्माण के

नियमितीकरण के लिए आज निगम आयुक्त रोहित व्यास ने गहन समीक्षा की और वार्ड वार इसकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वकांक्षी योजना के तहत नियमितीकरण की प्रक्रिया अभी जारी है, इसका लाभ सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बैठक में फील्ड में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा जोन क्षेत्रों में अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले दुकानों और मकानों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण में तेजी लाने के लिए सभी वास्तुविद की सूची लोगों को प्रदान करें, प्रत्येक जोन क्षेत्र में इसकी सूची भी चस्पा करें, प्राप्त आवेदन पर कार्यवाही के लिए निगम स्तर पर निर्धारित समय अवधि भी निर्धारित करें ताकि समय पर आवेदन का निराकरण हो सके, नियमितीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों पर फील्ड का निरीक्षण जोन स्तर पर अभियंता करेंगे, इससे प्रक्रियाओं में तेजी आएगी। सहायक राजस्व निरीक्षक तथा वास्तुविद स्तर पर भी आवेदनों की समीक्षा बैठकों में की जायेगी और इस आधार पर कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी। अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने के निर्देश बैठक में आयुक्त ने दिए। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई 2022 से अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण के तहत आवेदन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है और इस तिथि से 1 वर्ष बाद तक ही नियमितीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस मुताबिक नियमितीकरण के आवेदन के लिए बहुत ही कम समय शेष है बल्कि कुछ महीने ही बचे है। आयुक्त ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए फील्ड स्तर पर हर संभव प्रयास करें, राजस्व के कर्मचारी इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरते। आज की बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश के सहायक संचालक प्रतीक दीक्षित, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, पूजा पिल्ले तथा खिरोद्र भोई, जोन के समस्त राजस्व विभाग के कर्मचारी तथा निगम क्षेत्र के वास्तुविद बैठक में मौजूद रहे।

वृहत केलो परियोजना से 22 हजार हेक्टेयर में होगी सिंचाई

- रायगढ़ जिले के 167 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए मिलेगा पानी
- पेयजल और निस्तार में भी होगी सहायक
- मुख्य व शाखा नहर का काम पूरा, वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ की जीवनरेखा केलो नदी पर बन रही केलो वृहत सिंचाई परियोजना से जिले में व्यापक स्तर पर सिंचाई की सुविधा किसानों को मिलेगी। इस विशाल परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। केलो डैम की क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। इसमें राज्य के साथ केंद्र का भी हिस्सा है। इसके निर्माण की उच्च स्तर से नियमित समीक्षा की जा रही है। दिसंबर 2023 तक इसे पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

वितरक और लघु नहरों में चल रहा काम

परियोजना में कुल 313 कि.मी.लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 कि.मी. लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 1 मुख्य नहर के साथ, 1 शाखा नहर, 7 वितरक नहर और 91 लघु नहरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य नहर के 28.31 किमी और झारमुड़ा के 16.11 कि.मी.शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 68.60 कि.मी.वितरक नहर और 135.50 कि.मी.लघु नहरों का काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी पूरा किया जा रहा है। परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना पूर्ण होने से ये होंगे फायदे

केलो परियोजना में नहरों का काम पूरा होने पर हजारों किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। नहर से पानी मिलने से जहां सिंचित रकबे में वृद्धि होगी वहीं फसल की उत्पादकता भी बढ़ेगी। भू-जल रिचार्ज करने में भी इससे मदद मिलेगी। निस्तार और पेयजल की आपूर्ति में भी सहायता होगी।

नेशनल साइंस दिवस पर सेजेस जजंगिरी के बच्चों ने बनाए आकर्षक मॉडल

कुम्हारी/नवप्रदेश। नेशनल साइंस दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के मिडिल और प्राइमरी कक्षा के छात्रों के लिए किया गया। उक्त आयोजन में मिडिल स्कूल के करीब 150 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा विभिन्न रूप से दिखलाई। विज्ञान प्रदर्शनी में मिडिल स्कूल के 40 मॉडल रखे गए जिसमें 15 वर्किंग और 15 नॉन वर्किंग मॉडल थे साथ ही प्राइमरी बच्चों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के मॉडल रखे गए थे। कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ 68 मॉडलों जज करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में सेजेस कुम्हारी की प्राचार्य श्रीमती लता रघु कुमार एवं एस.टी.डी. हायर सेकेंडरी स्कूल खोपली की

केमेस्ट्री लेक्चरर श्रीमती तृप्ति दूबे उपस्थित रही। स्कूल की प्राचार्या मिनी गोपीनाथन एवं वरिष्ठ शिक्षक एम.के राजपूत का विशेष योगदान रहा। मिडिल स्कूल के बालकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यार्थियों ने बेहद उत्साह से चार्ट पेपर टी. एल. एम.और मॉडलों का निर्माण किया स्कूल की विज्ञान शिक्षिका डॉ श्रुति पांडे के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न मॉडल बनाएं। चरोदा स्कूल के गांव के कमेटी मेंबर्स ने भी कार्यक्रम की सराहना की, और कहा कि गांव में पहली बार इस तरह छोटे बच्चों द्वारा (कक्षा चौथी से आठवीं तक) इतना अच्छा प्रदर्शन किया गया। सेजेस जंजगीरी के प्राइमरी और मिडिल स्कूल की सभी शिक्षिकाओं के सराहनीय प्रयास के लिए पालकों एवं जंजगिरी स्कूल के शिक्षा कमेटी सदस्यों ने भी बधाईयां दी।

रंगपंचमी पर हुई ऋतंभरा साहित्य समिति की रंगमय गोष्ठी

कुम्हारी/नवप्रदेश। रंगों के त्योहार रंगपंचमी पर ऋतंभरा साहित्य समिति कुम्हारी की काव्य गोष्ठी नंदलाल यादव के निवास में सोल्लास सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि साधुदास वैष्णव व संस्थाध्यक्ष नारायण वर्मा ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। नंदलाल यादव ने अतिथियों व कवियों का स्वागत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक बताशा हार पहनाकर किया। साधुदास वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा - 'हमें परंपरा बचानी है, किन्तु पाखंड से दूर रहना होगा।देश और समाज को कवि ही दिशा देता रहा है।' नारायण वर्मा ने सभी कवियों को रंगपंचमी पर अपनी मंगलकामनाएं दी। उन्होंने

छत्तीसगढ़ी व्यंग्य कविता 'का विटामिन खाएं रे संगी' का तरन्नुम में पाठ किया। सुरेश वाहने ने संचालन करते हुए प्रेरक लघुकथा 'वास्तविक' का वाचन किया। रविन्द्र कुमार थापा ने अपनी आशु कविता में समय की मानवीय त्रासदी का बखूबी वर्णन किया। रघुनाथ देशमुख ने होली पर वृद्ध के रंगीन मिजाज का वर्णन करते हुए हास्य रचना की प्रस्तुति दी। जगन्नाथ निषाद ने पर्यावरण संरक्षण बल देते हुए कवितापाठ किया। गोष्ठी का समापन करते हुए नंदलाल यादव ने होली पर आई विकृति पर कटाक्ष करते हुए छत्तीसगढ़ी कविता पढ़ी।

जरहामहका में आयोजित फाग प्रतियोगिता में शामिल हुए भाटिया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जरहामहका में होली के पावन पर्व पर लोक कला एवं फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो, अध्यक्षता रवि कुमार साखरे उपसरपंच एवं विशेष अतिथि तुला राम चीरमोर, कन्हैया लाल चंद्रवंशी शामिल हुए।

कार्यक्रम में पहुंचे श्री भाटिया ने सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं एवं बड़े-बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री भाटिया ने कहा कि आप हम सभी होली के पावन अवसर पर भक्त प्रह्लाद की भक्ति परमात्मा प्रेम शक्ति के परिचायक होलिका दहन नगाड़े की थाप पर श्री राधा कृष्ण प्रेम का वर्णन करते हुए लोक गीतों के माध्यम से सुख समृद्धि और खुशियों की कामना करते हुए होली का महापर्व रंग-गुलाल खेलकर सभी के जीवन से नकारात्मक विचारों का अंत कर उत्साह और उमंग के साथ खुशियों की रंगों की होली खेलते है। राधा किशन फाग

परिवार के द्वारा लोक महोत्सव का भी आयोजन रखा गया है, जिसके माध्यम से आप हम सभी का स्वस्थ मनोरंजन के साथ जीवन की संपूर्ण विधाओं को लोक कला के माध्यम से देखने सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से यही कामना करता हूं कि जरहामहका समस्त ग्रामवासियों पर सुख-समृद्धि, शांति का रंग हमेशा बना रहे। आप सभी ने अपने ग्राम में अपने साथ आयोजन में बुलाया, मान एवं आशीर्वाद दिया इसके लिए आप समस्त ग्रामवासियों को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेतराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, बुधराम कंवर, मुकेश कुमार साहू, तुम्मन कौशिक, सुखराम चंद्रवंशी, कबिलास चंद्रवंशी, कोमल दास साहू, अश्वंत सिन्हा, कनष चंद्रवंशी, राधेलाल सिरमोर, हेमचंद साहू समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

एक युद्ध छत्तीसगढ़ के भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के विरुद्ध : शर्मा

- 15 को विधानसभा घेरेंगे भाजपाई, विस स्तर की बैठक में बनाई रणनीति

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के अह्वान पर बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसे देखते हुए रविवार को भाजपा कार्यालय गोविंद सारंग परिसर भाटापारा में भाटापारा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा,जिला सह प्रभारी छगन मुंधड़ा, विधानसभा प्रभारी सूर्यकांत राठौर के नेतृत्व में आयोजित की गई।

विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान अपने आप में आगामी चुनावों के नजरिए से 'एक युद्ध छत्तीसगढ़ के भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के विरुद्ध' महत्वपूर्ण है। हमारे नेता नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत का परचम लहराया है। भारतीय नेतृत्व की विवरणता आज विश्व पटल पर अंकित है। यह सब हमारी पार्टी द्वारा सूक्ष्मता से किए गए कार्यो से ही संभव हो सका है। केंद्रीय नेतृत्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने पूरे देश में मतदाताओं से मिलकर प्रत्यक्ष रूप से उनकी शिकायत और प्रभावी रूप से उसके निराकरण करने का आह्वान हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से किया है। हम सभी अपनी विधानसभा की

हर बूथ तक पहुंचेंगे और केंद्र द्वारा दिए गए प्रत्येक निर्देश को अक्षर सह पूर्ण करेंगे, मैं दावों के साथ कहता हूं यदि हमने इन सभी कार्यो को पूरी कर्मठता और ईमानदारी से किया तो 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाने से हमें कोई नहीं रोक सकता है.।पार्टी मजबूत होगी तभी हम सब कार्यकर्ता मजबूत होंगे।

विधायक शिवरतन ने कहा कि जैसा कि पूर्व योजना है कि 17 से 27 मार्च 10 दिनों तक प्रत्येक दायित्ववान कार्यकर्ताओ को एक शक्तिकेन्द्र मे पूर्ण समय देना तय है। 17 तारीख को ही प्रत्येक शक्तिकेन्द्रों में राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ना सुनाना अनिवार्य है। भाजपा आने वाली चुनावों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। भाजपा का हर कार्यकर्ता हर मोर्चो पर अपनी सतर्कता के साथ काम करने के लिए तैयार रहे।

बैठक को जिला सह प्रभारी छगन मुंधड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा घेराव के लिए भारी संख्या में सभी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो ।इसके लिए उन्होंने दिशा निर्देशन दिया एवं बूथ स्तर की इकाई को मजबूत करने की कार योजना भी बनाई। उन्होंने कहा कि संगठन की पूरी संरचना बनी हुई है। मंडल को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अपनी ओर से पहल करनी होगी।

विधानसभा प्रभारी सूर्यकांत राठौर ने 15 मार्च को मोर आवास मोर अधिकार से वंचित हितग्राहियों को साथ लेकर, भूपेश सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ रायपुर विधानसभा घेरने की योजना के साथ-साथ आगामी 17 मार्च से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान पर रणनीति के विषय मे चारो मंडलो के पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।बैठक में चारो मंडलो के पदाधिकारियो,मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

राज्यपाल से मिले सीएम ...

हो सके। जल्द फैसला लिया जाए। राजनीति अपनी जगह है। राज्यहित में जल्द निर्णय लें।

भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट : टीम ...

एक भी गेंद खेले रन आउट हो गए। वे विराट कोहली की कॉल पर दो रन के लिए भागे थे लेकिन आउट फ ील्ड से डायरेक्ट थ्रो के कारण उन्हें विकेट गंवाना पड़ा। रविचंद्रन अश्विन 7 रन बनाकर नाथन लायन की गेंद पर आउट हुए।

राहुल गांधी को इस...

लोकसभा चुनाव में अमेठी संसदीय क्षेत्र में स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को पराजित किया था। इसके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में ईरानी कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पराजित हो गयी थीं। ईरानी ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने यहां (अमेठी) के लोगों के दर्द और पीड़ा को नहीं समझा और क्षेत्र के विकास के संबंध में नहीं सोचा, यहां तक कि गांव में रहने वाले लोगों को सम्मान के लायक भी नहीं समझा जबकि यहां के लोगों के वोट की ताकत से सत्ता के शिखर तक पहुंच गये।

कांग्रेस मेरी कब्र खोदने ...

और आय के रास्ते लाता है।''मोदी ने कहा कि देश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इस साल के बजट में, सरकार ने 5,300 करोड़ रुपये के साथ ऊपरी भद्रा परियोजना प्रदान करने की घोषणा की है, जिससे क्षेत्र में सिंचाई संबंधी समस्याओं का स्थाई समाधान हो सके।'' मोदी ने कहा कि कर्नाटक में शुरू की जा रही अत्याधुनिक सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरे राज्य में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी और आर्थिक विकास को मजबूत करेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सागरमाला और भारतमाला जैसी परियोजनाओं के साथ, कर्नाटक और देश बदल रहा है। उन्होंने कहा, ''जब दुनिया कोरोना वायरस से जूझ रही थी, तब भारत ने अपने बुनियादी ढांचे के बजट को कई गुना बढ़ा दिया।'' उन्होंने कहा,''पिछले कुछ दिनों में लोग बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे के बारे में बात कर रहे हैं। भारत के लोग देश भर में ऐसा आधुनिक और शानदार एक्सप्रेसवे चाहते हैं। एक्सप्रेसवे युवाओं को गर्व से भर देता है।'' मोदी ने कहा कि अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर'ईज ऑफ लिविंग'को बढ़ाता है और प्रगति के नए अवसर पैदा करता है।

महंगाई के आंकड़ों पर...

कीमत, डॉलर सूचकांक एवं एफआईआई के निवेश प्रवाह पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। एफआईआई ने पिछले लगातार तीन महीने दिसंबर, जनवरी और फरवरी में बाजार से निवेश निकाल लिए। लेकिन, मार्च में अबतक वह 14,361.85 करोड़ रुपये के शुद्ध लिवाल रहे हैं। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का शुद्ध निवेश 6,929.35 करोड़ रुपये रहा। बीते सप्ताह मंगलवार को होली पर्व के उपलक्ष्य में अवकाश होने की वजह से बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ, जिसमें से दो दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर यूटिलिटीज, पावर, तेल एवं गैस और एनर्जी जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर सोमवार को सेंसेक्स 415.49 अंकों की तेजी लेकर 60224.46 अंक और निफ्टी 117.10 अंक की बढ़त लेकर 17711.45 अंक पर रहा। इसी तरह वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, कैपिटल गुड्स और पावर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 123.63 अंक की तेजी लेकर 60348.09 अंक और निफ्टी 42.95 अंक मजबूत होकर 17754.40 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका में रोजगार के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों के ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने की आशंका से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 541.81 अंक का गोता लगाकर 59806.28 अंक और निफ्टी 150.15 अंक टूटकर 17604.25 अंक पर आ गया।

पीएम सुरक्षा चूक पर...

डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय की लापरवाही सामने आई थी।

बेमेतरा विस क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ किसान नेता ने धूमधाम से मनाई होली

- रंग गुलाल से सरोबर ग्रामीणों ने किसान नेता के साथ नगाड़ा की थाप पर फाग गीत गाए

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम नेवनारा में चंडी मंदिर में भव्य होली मिलन और कलाकार सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल के प्रतिनिधि संजय बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री राधेश्याम बांरले ने किया। समारोह में बेमेतरा ज़िले के ख्याति प्राप्त कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रदेश भर से आए कलाकारों ने रात 12 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा के सात हज़ार लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। किसान नेता योगेश तिवारी को गुलाल लगाकर गले लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन देवलाल सिन्हा ने किया। इस दौरान मदन लाल सिन्हा, बोधीराम साहू, जितेंद्र साहू, विष्णु वर्मा, मनोज यदु, संदीप साहू, तुकेश साहू, गोरे टंडन, हेमन्त वैष्णव, कुमारधर सिन्हा, ममता यादव, रूपकुमार गेंडरे, राकेश साहू, मोहम्मद इकबाल, श्यामसुंदर बंजारे, रघुवीर

साहू, अशोक चौहान, ओमप्रकाश पांडे, भागीरथी साहू, छबीलाल देवांगन, बलराम बंजारे, संतोष मार्कण्डेय, प्रशांत भाई, कामदेव सिन्हा, गोपाल साहू, तिरित सिन्हा, मनोज साहू, पुनीत निषाद, मुकेश वर्मा, केशव सिन्हा, मनोज दुबे, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, महेश्वर पटेल, मनोज पटेल, लखन चक्रधारी, अभिषेक शर्मा, केशलाल साहू, सरोज पाल, संजू बारले, प्रेमलाल, सोभऊ, ऋषि साहू, गंगाराम बलराम राय, नरेश राय, शंकर साहू, तिलक सिन्हा, संजू बारले, टोपेंद्र सोनवानी, तुषार राजपूत, विकम पाल, देवकुमार यादव, धनंजय साहू, अविनाश राजपूत, ज्ञानेश्वर साहू, संजय लहरी, मनोज सिन्हा, क्षत्रर वर्मा, विजय बघेल मांगीलाल उपस्थित थे।

महिलाओं ने जन सेवा में जुटे रहने का दिया आशीर्वाद - होली मिलन समारोह में विधानसभा क्षेत्र के गांवो से भारी संख्या में ग्रामीण शामिल होने पहुंचें। इस दौरान रंग गुलाल से सरोबार ग्रामीणों ने किसान नेता के साथ नगाड़ा की थाप पर फाग गीत गाए। गांव से पहुंची महिलाओं ने गुलाल का तिलक लगाकर किसान नेता योगेश तिवारी को लोगों का सुख-दुख बांटने और जनसेवा में जुटे रहने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान होली की मस्ती में देर रात तक लोग झूमते रहें। यहां किसान नेता की ओर से समारोह में पहुचे ग्रामीणों के लिए स्वल्पाहार और भोजन की व्यवस्था की थी।

ईश्वर की भक्ति की ताकत का प्रतीक होली त्यौहार - इस अवसर पर किसान नेता बेमेतरा विधानसभा के आम जनों को रंगो के त्यौहार होली की बधाई देते हुए कहा कि यह त्यौहार ईश्वर की भक्ति की ताकत का प्रतीक हैं, किस तरह भगवान विष्णु की भक्ति में रमे भक्त प्रहलाद का उनके पिता राक्षस हिरण कश्यप बाल बांका भी नहीं कर सकें। हिरण्यकश्यप ने कई बार भक्त प्रहलाद को मारने की कोशिश की लेकिन हर बार नकामी ही मिली। तब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को भक्त प्रह्लाद को मारने की जिम्मा सौपा। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। लेकिन ईश्वर की शक्ति शिव की भक्ति ही थी जिससे आग में न जलने का वरदान मिलने के बावजूद होली का जल गई और भक्त प्रहलाद का बाल बांका भी नहीं हुआ। इस प्रथा के चलते हर वर्ष होलिका दहन किया जाता हैं और अगले दिन रंगों की होली खेली जाती हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

नारी के बिना जीवन की कल्पना नहीं : गुरुदयाल

नवागढ़/नवप्रदेश। शनिवार को नवागढ़ मुख्यालय में सहेली सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव व नवागढ़ विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। उन्होंने इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन नारी शक्तियों का सम्मान किया, जिन्होंने अपनी घर गृहस्ती एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बंजारे ने कहा कि नारी शक्तियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज के समय में सभी क्षेत्रों में नारी काफी हद तक पुरुषों के बराबरी कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंजलि मारकंडे (अध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़), सलमा शरीफ (एडवोकेट बेमेतरा), मोहनी साहू (सब इंस्पेक्टर दुर्ग), सरिता गुप्ता (प्राचार्य स्वामी आत्मानंद स्कूल), मोनिका गुप्ता (नेशनल कबड्डी प्लेयर दुर्ग पुलिस), सबीना खान प्रमुख सहेली फाउंडेशन, सुभद्रा साहू सभापति जनपद पंचायत, लता जयसवाल पार्षद नगर पंचायत, मंजूलता रात्रे पार्षद, अनीता पात्रे वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री, रोली वैष्णव, विद्या जैन, पूजा श्रीवास्तव, नीलू कुशवाहा, मनिंदर कौर, रूबी सलूजा, रनिया देवी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

कलेक्टर कार्यालय का आज घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। अपने हक अधिकार की लड़ाई में शामिल होने जन आक्रोश रैली में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी कवर्धा पहुचेंगे। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की एक मात्र क्षेत्रीय पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुखिया अमित जोगी के नेतृत्व में आयोजित कलेक्टर कार्यालय घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

छत्तीसगढ़ की जल जंगल जमीन हमारी है, इस पर नियोजित उद्योग पर रोजगार का पहला अधिकार छत्तीसगढ़वासियों का है। कवर्धा जिले में लग रहे एथेनॉल प्लांट में एथेनॉल ही बने न कि शराब, इसमें रोजगार स्थानीय लोगो को मिले, दोनों शक्कर कारखाना में किसानों को बोनस के नाम पर आधी अधूरी राशि जारी की गई है जिसकी तत्काल पूरा राशि जारी करने की मांग, नया शेयर ,शेयर ट्रांसफर, जर्जर सड़क पर नव निर्माण, आवास ,वनपट्टा ,भ्रष्टाचार पर कार्यवाही ,पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य ज्वलनशील मुद्दों को लेकर भारतमाता चौक में सभा किया जाएगा। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवम जिलेवासियों को कार्यक्रम में पहुँचने का अपील किया गया।

पुलिस ने 6 जुआडियों पर की कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना थानखम्हरिया में जुआ का 1 प्रकरण दर्ज कर 6 जुआडियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।जुआडियों रिखी सिन्हा उम्र 49 साल, साकिन वार्ड नं 03 थान खम्हरिया, गोपाल देवार उम्र 19 साल साकिन वार्ड नं 13 थान खमहरिया, अशोक चौहान उम्र 40 साल, साकिन वार्ड नं 13 थान खम्हरिया, जीवन निषाद उम्र 45 साल, साकिन वार्ड नं 14 थान खम्हरिया, माखन सिन्हा उम्र 23 साल, साकिन वार्ड नं 13 थान खम्हरिया, रोहित कुमार रावत उम्र 47 साल, साकिन वार्ड नं 14 थान खम्हरिया के पास एवं फड़ से कुल जुमला नगदी रकम 2870 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया हैं।

ठेलका में कवि सम्मेलन 17 को

साजा/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम ठेलका में रंगपंचमी व रंगतेरस के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों व आरूग चौरा मासिक पत्रिका के द्वारा 17 मार्च शुक्रवार को शाम 7.30 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें रामेश्वर वैष्णव, शशिभूषण, प्रियंका गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, हरीश पटेल, ईश्वर साहू कवियों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। उक्त जानकारी सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र साहू ने देते हुए क्षेत्रवासियों से इस आयोजन का आनंद उठाने की अपील की।

कलेक्टर ने किया जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर बेमेतरा पदुम सिंह एल्मा ने शुक्रवार को सवेरे 11 बजे जिला कार्यालय कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में संचालित विभागीय गतिविधियों एवं कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। सभी विभाग प्रमुखों को कार्यालय में साफ-सफाई रखने एवं रिकार्ड दस्तावेजों को व्यवस्थित रूप से संधारित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधीश ने जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा में रोजगार पंजीयन हेतु आये विद्यार्थियों एवं युवाओं से पंजीयन के संबंध में बात-चीत की। इसी तरह श्रम विभाग में आये हितग्राहियों से आत्मीय बात-चीत की। कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारी को शीघ्र ही उनका कार्य पूर्ण करने को कहा। शिकायत शाखा निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जनचौपाल एवं कलेक्टर जनचौपाल के लंबित आवेदनों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही राहत शाखा में उपस्थित कर्मचारियों से कोविड-19 के तहत दिए जाने वाले आर्थिक सहायता राशि के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला कोषालय, निर्वाचन शाखा, भू-अभिलेख, आबकारी, क्रेडा, उद्यानिकी, खाद्य, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, खेल विभाग, आदिवासी विकास शाखा, मछली पालन विभाग, नाजिर शाखा, कृषि विभाग आदि का निरीक्षण किए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालय में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

संसदीय सचिव ने किसानों को साल श्रीफल से किया सम्मानित

- **नरतोरा में आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए संसदीय सचिव**

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन शामिल होकर किसानों का साल-श्रीफल से सम्मान किया।

शनिवार को ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दारा साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन साहू, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति नरतोरा के अध्यक्ष राजू दिवान, जनपद सदस्य हेमंत डड़सेना, खोम सिन्हा, मायाराम टंडन, राजा गंभीर, दिलीप चंद्राकर, माणिक साहू, रमन सिंग ठाकुर, लेड़गा साहू, हुमन दीवान, कृष्ण कुमार नर्मदा, गंगाराम पटेल, रामजी ध्रुव, डागा राम साहू मौजूद थे।

अपने संबोधन में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भूपेश सरकार को किसान हितैषी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों का कर्जमाफी के साथ ही वादे के मुताबिक समर्थन मूल्य में धान की खरीदी कर रही है। जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी हुई है। किसानों के हित में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। किसानों को कृषि उपजों का सर्वाधिक मूल्य दिया गया है। प्रदेश में तिलहन, दलहन और कोदो-कुटकी की भी ख़रीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। किसानों को सभी न्याय योजनाओं की किश्त समय पर मिल रही है। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से अन्नदाता खुशहाल है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों में ध्यान रखते हुए विधानसभा क्षेत्र में नवीन धान खरीदी केंद्र के लिए स्वीकृति दिलाई गई है। उनके विधायकी कार्यकाल में बड़गांव, कोसरंगी, अचानकपुर, अछोला, सरईपाली, डुमरपाली, सलिहाभाठा व मालीडीह में नवीन धान खरीदी केंद्र की सौगात मिली है।

इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने किसानों को साल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुशीला मायाराम टंडन, कीर्ति कोसरिया, ईश्वर यादव, कौशिल्या गोपाल पटेल, रतन पटेल, सूरज पटेल, भोजराम यादव, टोपेश यादव, हेमलाल यादव, पुरुषोत्तम ढीढी, तिरथ पटेल, पुष्पा पटेल, कुंती यादव, दिनेश यादव, सुखवंतीन मन्नाडे, जोहातरिन यादव, ममता पटेल, मोंगरा पटेल, भारत पटेल, जुगल बाई ध्रुव, राजकुमार टंडन, गोवर्धन पटेल, रामजी पटेल, लेखराम पटेल, ओंकार पटेल, गेंदलाल पटेल, लखन यादव, ईश्वर पटेल, डोमार सिंग पटेल, कांति यादव, घांसीराम यादव, नाथूराम यादव, लीलाराम दीवान, अभय राम दीवान, फिरत दीवान, ज्वाला प्रसाद पटेल, वकील पटेल, बोधन पटेल, राजकुमार मधुकर, नंदलाल मधुकर, हीरा पटेल, रामजी पटेल, ईश्वर पटेल, छविंद्र पटेल, सदानंद कोसरिया, नरेश मंडल, शिवचरण साहू, सुबेलाल दिवान, टुकलाल दीवान, कुबेर चक्रधारी, भगऊ सोनवानी, गौतम चक्रधारी, अमर सिंग दीवान, जगन्नाथ डडसेना, पवन डड़सेना, तुलसिंग निषाद, अमोल डड़सेना, ओमप्रकाश कंडरा, पीताम्बर डड़सेना, भगवानी लहरे, मंगतू डड़सेना, राजू मारकंडे, रिखीराम दीवान, पवन दीवान, खुमन दीवान, कोमल दीवान, कौशल दीवान, जगतु राम चौहान, दयालु राम दीवान, नरेंद्र पटेल, नेपाल सिंह दीवान, दुलसिंग पटेल सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

रंगमंच निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन

ग्राम पंचायत बरेकेलकला में ग्रामीणों की मांग पर दो लाख रुपए की लागत से रंगमंच का निर्माण कराया जाएगा। शनिवार को संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में रंगमंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक है पहुंचना : आशीष गुप्ता

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा डौंडी उपाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए की हमारा जन्म भारत में हुआ क्योंकि इस देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी है। हमें केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं को जन जन तक पहुंचना चाहिए ताकि इस योजनाओं का लाभ भारत में हर वर्ग के लोगो को हो। आशीष गुप्ता ने केंद्र सरकार की मुख्य योजनाओं में प्रधान मंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई), जन-धन से जन सुरक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएम जेजे बीवाई),प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएम एसबी वाई),अटल पेंशन योजना (एपीवाई) प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना आदि योजनाओं को बताया। आज भारत शक्तिशाली, विकासशील देश बन चुका है जिसका श्रेय हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की जनता को जाता है जिन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई।

नाबालिक को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। सहसपुर लोहारा थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिक लडकी दिनांक 10.04.22 को रात्रि मे खाना खाकर अपने कमरे मे अकले सोई थी जो सुबह 08/00 तक अपने कमरे से बाहर नही निकलने पर प्रार्थी द्वारा जाकर देखा तो लडकी अपने कमरे मे नही थी जिसकी आसपास पता तलाश किया कोई पता नही चला जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर कही ले गया है कि रिपोर्ट पर मामला नाबालिक बालिका से संबंधित प्रकरण होने से तत्काल थाने मे अपराध क्रमांक 120/2022 धारा - 363 भादवि. पंजीबध्द कर वरिष्ट अधिकारियो पुलिस अधीक्षक डा0 लाल उमेंद सिह के दिशा निर्देशन मे एंव अति0 पुलिस अधीक्षक मनिषा ठाकुर एंव अनुविभागीय अधिकारी श्री संजय ध्रुव को अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी मुकेश यादव के द्वारा पुनः टीम तैयार कर नाबालिक बालिका का लगातार पतासाजी कर दिनांक 11/03/2023 के 17/00 बजे नैति ईलाईट बिल्डिंग ,उंड्री नगर थाना कोंदवा, पुणे शहर (महाराष्ट्र) से आरोपी कन्हैया जांगडे पिता ऋषिलाल जांगडे उम्र 23 साल साकिन नरोधी थाना स0 लोहारा जिला कबीरधाम छ.ग. के कब्जे से नाबालिक बालिका को बरामद किया।

आंबा कार्यकर्ताओं व सहायकों ने छाबड़ा का किया आभार व्यक्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश में चल रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के हड़ताल और उसके बाद प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के बजट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के वेतनमान में की गई भारी बढ़ोतरी का बेमेतरा जिलें के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने स्वागत किया हैं तथा अपने हड़ताल स्थल से विधायक आशीष छाबड़ा के निवास तक आभार व्यक्त करने के लिए रैली निकाली, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने प्रदेश सरकार सहित विधायक आशीष छाबड़ा का आभार व्यक्त किया तथा ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य कर अपनी खुशी जाहिर की। विधायक कार्यालय में पहुंचे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका विधायक कार्यालय में रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें बधाई दी गई जो कि विधानसभा सत्र प्रारंभ होने के चलते विधायक आशीष छाबड़ा आज रायपुर प्रवास पर थे, जिस कारण से प्रत्यक्ष रूप से विधायक आशीष छाबड़ा का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भेंट नहीं हो पाया, किंतु विधायक आशीष छाबड़ा को दूरसंचार के माध्यम से बेमेतरा जिलें के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बहनों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा कहा कि वे उनके हर संघर्ष में साथ खड़े हैं।

विस घेराव की कार्य योजना बनी

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। मोर आवास मोर अधिकार रोक के रखे हैं भूपेश सरकार के अंतर्गत विधानसभा घेराव के कार्ययोजना हेतु दल्लीराजहरा भाजपा मंडल की आवश्यक बैठक अटल योग सदन में रखी गयी। जिसमें विधानसभा घेराव हेतु रायपुर जानें की तैयारियों के सम्बंध में व्यापक चर्चा की गई साथ ही साथ विधानसभा प्रभारी के द्वारा विधानसभा घेराव कार्यक्रम के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। इस बैठक मुख्य रूप से डौंडीलोहारा विधानसभा के प्रभारी राजेश ताम्रकार ने कहा अधिक से अधिक 15 मार्च को रायपुर चलो और आने वाले समय में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस तैयारी करें। इसी के साथ बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर उपस्थित थे। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेश दसोड़े,मुस्ताक अहमद अंसारी, महेंद्र पिपरे ,विशाल मोटवानी, भूपेंद्र श्रीवास, किरण सिन्हा, राजेश कांबले, रमेश जैन, गीता मरकाम, अंजू साहू, राजेश कामले, सोहद्रा ठाकुर, हेमंत गौतम, ललित जॉन, उदय कुमार, रामेश्वर साहू, पुरुषोत्तम तारम, हुकुम सिंह धनगुण, सुमित जैन, निलेश श्रीवास्तव, उमेश विश्वकर्मा, मनन गुप्ता, रानू ठाकुर, डॉली सिंह, रेवती बक्शी, सुचित्रा दास, कविता टिगोटे, उषा साहू, प्रवीण उइके, हरीश बाघ, सागर गंजीर, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बेमेतरा अंतर्गत विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों में रिक्त संविदा पदों पर वाक इन इन्टरव्यू के माध्यम से कलेक्टर दर पर अस्थाई रूप से पद स्वीकृत किये गए हैं। इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्वप्रमाणित समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ 16 मार्च को प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकतें हैं, किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। निर्धारित तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भर्ती हेतु जिलें के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी। जिलें के स्थानीय निवासी के नहीं मिलने की स्थिति में ही छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के पात्र अभ्यार्थियों को मेरिट क्रमानुसार प्राथमिकता दी जायेगी। विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाइट https://Bemetara.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

जय बालाजी इण्डस्ट्रीज के कर्मचारियों ने ली सुरक्षा की शपथ

दुर्ग/नवप्रदेश। जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,औद्योगिक विकास केन्द्र रसमड़ा, दुर्ग में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। संस्थान के महाप्रबंधक द्वारा सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला गया एवं शुन्य दुर्घटना के साथ-साथ शुन्य फस्टेड का संकल्प लिया गया। संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही सुरक्षा अधिकारी द्वारा अग्निशामक यंत्र का उपयोग करना तथा प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त साइट पर प्रशिक्षण एवं क्लास रूम प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के तरीको से कर्मियों को अवगत् कराया गया। पूरे सप्ताह में की जाने वाली प्रत्येक गतिविधि का एक मात्र उद्देश्य कर्मचारियों और लोगो को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक कर उन्हे सुरक्षा के विभिन्न तरीको से अवगत् कराना था। समापन अवसर पर (सुरक्षा अधिकारी) द्वारा कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा से संबंधित उपाय एवं सुरक्षा उपकरण के साथ कार्य करने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि दुर्घटना के मात्र दो ही कारण होते है, पहला यह कि असुरक्षित कार्यस्थल व दूसरा कार्य के संबंध में जानकारी नही होना। यदि इन दो बातों को ध्यान में रखा जाए,तो दुर्घटना होने का कोई कारण ही नही है। यह जानकारी संस्थान के कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग कर्मचारी सुशील केशरी ने दी।

आंबा कार्यकर्ता सहायिका संघ ने मंत्री भेडिया का जताया आभार

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ का एक प्रतिनिधिमंडल 10 मार्च को अनिला भेडिया मंत्री, महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग मंत्री से उनके निवास स्थान पर भेंट कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारी मांगों पर आपने सहानुभूतिपूर्वक विचार किया और आपकी अनुशंसा पर मार्च 2023 के बजट में विशेष प्रावधान करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी किया गया है। जिसका आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ बालोद जिला हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रेषित करता है एवं बालोद जिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ आशा करता है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को भी कलेक्टर दर पर मेहनताना प्रदान करते हुए ई.पी.एफ के दायरे में लाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का भविष्य सुरक्षित करने में आपकी ओर से सार्थक पहल किया जायेगा, और भविष्य में आपका सहयोग संघ को मिलता रहेगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ बालोद जिले की अध्यक्ष आयशा खान, महामंत्री माधुरी रथ, कोषाध्यक्ष संगीता यादव और खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष एम पी सिंग भी उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने कृषि मंत्री से की मुलाकात, कार्यकर्ताओं की बातें भी रखी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे से होली के अवसर पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी। इसके अलावा पूर्व विधायक जंघेल ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बातें भी कृषि मंत्री के समक्ष रखी।

कार्यकर्ताओं की समस्या व मांगों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिस पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन कृषि मंत्री श्री चौबे ने दिया। पूर्व विधायक जंघेल ने क्षेत्र के किसानों के लिए और भी बेहतर व्यवस्था व सुविधा के संबंध में चर्चा की। जिसका लाभ आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र के किसानों को मिलेगा। इसके पहले भी होली पर्व के दौरान श्री जंघेल ने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के निवास मौहाभाठा पहुंचकर उनसे मुलाकात की थी और उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दी थी। पूर्व विधायक जंघेल लगातार क्षेत्र के लोगों की आवाज शासन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं, ताकि खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास बेहतर ढंग से हो सके। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लेकर आम लोगों की समस्या और मांगों पर तत्काल विचार हो सके।

मोबाईल सिर्फ टाईम पास का जरिया नहीं बल्कि ज्ञान की खदान : विरेन्द्र साहू

- **वार्षिकोत्सव में बच्चों को बताए मोबाईन के नफा नुकसान**
- **ग्राम सिंघनुपरी में धूमधाम से आयोजित किया गया वार्षिकोत्सव**

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी के शासकीय प्राथमिक शाला में गत दिनो वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू तथा जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रवंशी उपस्थित थे। शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा शाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनो से खूब सराहा। इस अवसर पर उपस्थित स्कूली बच्चों और उनके पालकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अतिथि विरेन्द्र साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी बहुत आवश्यक है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं। उन्होने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति अपने भविष्य का निर्माण कर सकता है लेकिन एक शिक्षित और संस्कारवान व्यक्ति न सिर्फ अपने भविष्य का बल्कि अपने समाज व देश का भी निर्माण कर सकता है। श्री साहू ने आज के बच्चों में तेजी से बढ़ रही मोबाईल की लत पर भी बच्चों और पालकों को जागरूक किया। उन्होने कहा कि मोबाईल का अगर हम सभी ढंग से उपयोग करें तो यहां बैठे-बैठे अपने गांव सिंघनपुरी का नाम पूरे देश में रौशन कर सकते हैं। बच्चों और पालकों को मोबाईल का उपयोग अपने ज्ञान में वृद्धि करने तथा नई-नई जानकारियां प्राप्त करने और नई चीजों को सीखने के लिए करना चाहिए न की टाईम पास और गेम खेलने के लिए। उन्होने कहा कि अगर वास्तव में मोबाईल का सही ढंग से उपयोग किया जाए तो हम कहां से कहां पहुंच सकते हैं। सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने कहा एक सशक्त जनप्रतिनिधि ग्राम विकास के साथ स्वस्थ समाज की निर्माण में प्रमुख भूमिका का निर्वहन करता है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोषी अनिल साहू, कोमल चन्द्रवंशी, दिनेश जायसवाल, प्रकाश साहू, शेखर चन्द्रवंशी, मोहित साहू, जलेश चन्द्रवंशी, अनसुईया शर्मा, देवेन्द्र पाण्डेय संकुल समन्वयक सूखाताल, धनराज साहू मंत्री भाजयुमो पिपरिया मंडल, कुमार साहू, विजय साहू, मोहित साहू, सुग्रीव यादव, गंगाराम, संतोष साहू, गोकुल साहू, कामता साहू, नंदकुमार, कुंजराम साहू, मदन साहू, दशरथ साहू एवं ग्राम पटेल रामानुज साहू, व ग्राम कोटवार लक्ष्मण चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शहर के तालाबों और बोर का लगातार कम हो रहा जलस्तर

■ सिंचाई विभाग नहरों की सफाई कर बांध से छोड़े पानी : वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। गर्मी को देखते हुए विधायक अरुण वोरा ने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा और सिंचाई विभाग के एसई से चर्चा करते हुए निस्तारी तालाबों को भरने का काम शुरू करने कहा है। वोरा ने कहा कि तालाबों का जलस्तर गिरने के साथ ही बोर में भी वाटर लेवल लगातार कम हो रहा है। ग्रीष्मऋतु में जल संकट न होने देने के लिए सभी नहरों की सफाई का काम तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। नहरों की सफाई के बाद खरखरा व तांदुला से पानी छोड़ने का काम किया जाए। वोरा ने कहा कि कई वार्डो में लोग तालाबों में ही निस्तारी करते हैं। गर्मी शुरू होते ही शहर के 24 तालाबों का जलस्तर निरंतर कम होने लगा है। तालाबों के आसपास रहने वाले लोगों के सामने निस्तारी का संकट शुरू होने लगा है। तालाबों का जलस्तर बेहतर रखना जरूरी है। इसके अलावा शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट में भी भरपूर पानी भरा रखने की व्यवस्था जरूरी है। यहां का वाटर लेवल प्रतिदिन कम हो रहा है। बोरसी, दीपक नगर, कातुलबोड, पोटिया सहित अधिकांश तालाबो में गंदगी का आलम है। इन तालाबों की सफाई जरूरी है। वोरा ने कहा कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी गमीज़ बढने से पहले ही नहरों में जमा कचरे की सफाई कराएं। यहां रिपेयरिंग का काम भी पूरा किया जाए और नहर की टूट फूट और लीकेज को भी सुधारा जाए, ताकि बांध से छोड़ा गया पानी शहर के सभी तालाबों में आसानी से भरा जा सके। वोरा ने डीएमएफ फंड से सूखाग्रस्त एरिया में बोर खनन कराने कहा है। वोरा ने कहा कि निगम के जल कार्य विभाग के अधिकारी ऑफिस से बाहर निकलकर जलसंकटग्रस्त वाडर्ज़ की मॉनिटरिंग करें, ताकि नल का प्रेशर कम न हो और पानी न आने की शिकायत का निराकरण जल्द किया जा सके।

77 जवानों को मिला आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

■ पहली बार दो महिला कांस्टेबल को मिला प्रमोशन

■ होली पर डीजीपी ने डीआरजी और सीएएफ के जवानों को दिया तोहफा

रायपुर/नवप्रदेश। होली के मौके पर बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में तैनात 77 जवानों को डीजीपी अशोक जुनेजा ने प्रमोशन का तोहफा दिया है। इनमें बीजापुर में तैनात सबसे अधिक 21 जवानों को एवं दंतेश्वरी फाईटर से संबंधित 2 महिला कांस्टेबल रेशमा कश्यप, सुनैना ठाकुर को प्रमोशन दिया गया है, ऐसा पहली बार हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन मिला है। पदोन्नत होने वाले जवानों में डीआरजी, सीएएफके जवान शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन किए जा रहें हैं, मुख्यमंत्री द्वारा डीआरजी, सीएएफ बल में महिलाओं की भूमिका को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है, इसी क्रम में 2 महिला कांस्टेबल को पहली बार प्रमोशन दिया गया है। गौरतलब है कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले के थानों में पदस्थ इन जवानों ने मुठभेड़ में शामिल रहकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इन जवानों ने मुठभेड़ के दौरान कई खूंखार हार्डकोर नक्सलियों को ढेर भी किया है, अपनी ड्यूटी अच्छी तरह निभाने के उपहार स्वरूप जवानों को प्रमोशन का तोहफा मिला है।

खुले में पढ़ाई कर रहे सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थी

■ प्रशासन से अतिरिक्त भवन निर्माण की उठाई मांग

नवागढ़/नवप्रदेश। एक तरफ राज्य सरकार सरकारी स्कूलों में सुविधाएं बढ़ाने और बेहतर शिक्षा प्रणाली के दावे कर रही है तो वहीं दूसरी तरफनवागढ़ में एक सरकारी स्कूल ऐसा है जहां देश के भविष्य को पेड़ों के नीचे बैठकर पढ़ना पड़ रहा है. स्कूल के शिक्षक पेड़ के नीचे बच्चों की कक्षाएं लगा रहे हैं।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट निश मीडियम स्कूल नवागढ़ के बच्चे स्कूल भवन के अभाव में पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर है. आज इनकी पढ़ाई एक तपस्या से कम नहीं है. यह सरकारी स्कूल पेड़ के नीचे चलता है, जहां बच्चे धूप बरसात में भी उसी पेड़ के नीचे पढ़ाई करते हैं. यहां अक्सर सांप-बिच्छू निकलते रहते हैं. स्कूल के लगभग 198 बच्चों को टीचर पेड़ के नीचे पढ़ाते हैं.

मामले की गंभीरता को देख समाज सेवक लक्ष्मीकांत ठाकुर ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखते हुए उल्लेख किया है कि इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ में बच्चों के अनुपात में भवन की कमी है। वर्तमान में कक्षा पहली में 52, दूसरी में 55, तीसरी में 35, चौथी में 26 व पांचवी में 30 कुल मिलाकर स्कूल में 198 बच्चे पढ़ाई करते हैं।क्योंकि भवन की कमी है इसलिए बच्चे पेड़ की छाया छाया में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग किया कि स्कूल में अतिरिक्त भवन निर्माण किया जाए।

यहां पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि उनकी इच्छा है कि जल्दी से जल्दी नया स्कूल भवन बन जाए तो पढ़ाई ठीक से शुरू हो सके. बिना भवन के पेड़ के नीचे हो रही पढ़ाई से लड़कियों व महिला अध्यापिकाओं के सामने दिक्कतें आ गई हैं. उनको कई तरह की कठिनाइयों से भी रोजाना जूझना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से शुरू होगा ग्रामीण परिवारों का सामाजिक-आर्थिक सर्वे

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्य सचिव को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से तैयारी प्रारंभ करने के दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वे शुरू होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्य सचिव को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से सर्वे की तैयारी तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वे दलों के गठन, आवश्यक प्रशिक्षण, सर्वे में शामिल हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम, सर्वे प्रपत्र का प्रारूप तथा सर्वे के दौरान प्राप्त जानकारी, फोटोग्राफ्स ऑनलाइन अपलोड करने की तैयारी कर सर्वे के लिए कार्ययोजना 20 मार्च 2023 तक प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है।

सर्वे में पिछले 12 वर्षों की अवधि में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण परिवारों के आर्थिक-सामाजिक जीवन में हुए प्रभावों की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इससे भावी योजनाओं और नीतियों के निर्माण में सहायता मिलेगी और चिन्हित पात्र परिवारों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद मिलेगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में वर्ष 2011 से देश में जनगणना नहीं होने का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ में सर्वे कराने की घोषणा की थी, जिसकी शुरूआत 1 अप्रैल 2023 से होने जा रही है।

मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध अस्पताल का नाम माता राजमोहनी देवी के नाम से करने प्रस्ताव पारित

■ मेडिकल कॉलेज सम्बद्ध अस्पताल का नाम माता राजमोहनी देवी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर सम्बद्ध चिकित्सालय का नाम माता राजमोहनी देवी स्मृति चिकित्सालय किये जाने का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति द्वारा पारित किया गया । इस संबंध में शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला स्तरीय समिति के सदस्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह, लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, प्रेमनगर विधायक श्री खेलसाय सिंह एवं महापौर डॉ अजय तिर्की के द्वारा अस्पताल के नामकरण हेतु प्रस्ताव पारित करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया।

बैठक में कलेक्टर सरगुजा एवं सदस्य संयोजक जिला स्तरीय समिति द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर से संबद्ध नवनिर्मित अस्पताल का नाम माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय अम्बिकापुर किये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिला स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा आवश्यक चर्चा एवं विचार-विमर्श उपरांत राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर से संबद्ध नवनिर्मित अस्पताल का नाम माता राजमोहिनी देवी स्मृति चिकित्सालय अम्बिकापुर नाम करने हेतु प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया।

मंगरधोखरा लोक कला फाग महोत्सव का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मंगरधोखरा में शिव शक्ति फाग मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से लोक कला फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो, अध्यक्षता ममता कमलेश्वर सरपंच एवं विशेष के रूप में अतिथि जुगल साहू ग्राम प्रमुख, लोकेन्द्र साहू ग्राम प्रमुख, जिजेन्द्र साहू ग्राम पटेल शामिल हुए।

कार्यक्रम में पहुंचे श्री भाटिया ने समस्त ग्रामवासियों को होली पर्व की बधाई दी। शिव शक्ति फाग मंडली को कहा कि आप सभी ने फाग महोत्सव के माध्यम से लोक कला का भी आयोजन किया, जिससे ग्रामीणजनों का स्वस्थ, मनोरंजन के साथ हमारी लोक कला की विधाओं को जीवित रखने का सहरानीय कार्य किया है, जिसके लिए आप सभी का जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। श्री भाटिया ने कहा कि होली का पर्व को खाल्सा पंत के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने होला मोहल्ला के तौर पर भी प्रारंभ किया था। ग्रंथो के इतिहासों के अनुसार होला मोहल्ला का अभिप्राय शौर्य गाथा के रूप में श्री आनंदपुर साहिब एवं अन्य श्री गुरु द्वारों में विभिन्न आयोजन किए जाते है और सिख समाज के द्वारा तीन दिनों तक होला मोहल्ला (होली) खुशी और उमंग के साथ आप हम सभी मनाते है, जिसमें भक्त प्रह्लाद की भक्ति परमात्मा प्रेम की शक्ति श्री राधा कृष्ण प्रेम के वर्णन के लोक गीत गाकर हर्षोल्लास के साथ खुशियों के रंगो का महापर्व होली की आप सभी को अनंत शुभकामनाएं। आप सभी ने अपने साथ होली मानने का अवसर प्रदान किया, जिसके लिए आप सभी का ह्रदय से धन्यवाद देता हूं। मैं भगवान से यही प्रार्थना करता हूं कि आप सभी का जीवन समूचे खुशियों के रंगो से भरा रहे।

जीवनदीप समिति की बैठक में शामिल हुए गृह मंत्री

■ रिसाली अस्पाल में 1 अप्रैल से प्रसव के साथ ही 24 घण्टे जांच सुविधा

रिसाली/नवप्रदेश। रिसाली के 30 बिस्तर सरकारी अस्पताल में 1 अप्रैल से प्रसव सुविधा के साथ ही बीमार जरूरतमंदों को 24 घण्टे जांच सुविधा मिलेगी। यह निर्णय दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निमार्ण और गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता वाली जीवनदीप समिति की बैठक में लिया गया। मंत्री ने रिसाली नगर पालिक निगम के सभागार में निकुम , उतई व रिसाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के समस्याओं और मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि त्वरित इलाज और बीमार को राहत पहुँचाने के लिए अस्पताल की स्थापना की गई है। जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बाद मंत्री ने कहा कि बीएमओ डॉ देवेंद्र बेलचंदन इस बात को सुनिश्चित करे कि डॉक्टर व अस्पताल स्टाफ निर्धारित समय पर अपनी सेवाएं दे रहे है कि नही। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिला अस्पताल में दबाव अधिक रहता है। ऐसे में अगर सामुदायिक अस्पताल बेहतर कार्य करे तो दबाव कम होगा। गंभीर मरीज को ही जिला अस्पताल भेजें। दबाव कम होने से बेहत्तर इलाज होगा। मंत्री ने सभी अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ विजिट कर मौके पर ही कार्ययोजना बनाने की बात कही। जीवन दीप समिति की बैठक में रिसाली महापौर शशि सिन्हा, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी , जनपद सदस्य रूपेश देशमुख , सभापति केशव बंछोर , स्वास्थ्य विभाग प्रभारी गोविंद चतुर्वेदी , एसडीएम मुकेश रावटे , निगम आयुक्त आशीष देवांगन , बीएमओ डॉ देवेंद्र बेलचंदन , डीपीएम ऋचा मेश्राम,डॉ पुन्ना लाल भगत , डॉ मनीषा ठाकुर , डॉ देवेंद्र बंजारे, बीईटीओ राजेन्द्र डहरिया व विनय रामटेके आदि उपस्थित थे।

30 बिस्तर अस्पताल रिसाली

नवीन अस्पताल है। संसाधन का अभाव है। 1 अप्रैल से सातों दिन 24 घण्टे सुविधा शुरू की जाए। बीएमओ डॉ देवेंद्र आवश्यक उपकरण और प्रसव व्यवस्था के लिए संसाधन पर विशेष ध्यान दे। मंत्री साहू ने निगम आयुक्तआशीष देवांगन व एसडीएम मुकेश रावटे को अस्पताल भवन के लिए 20 हजार वर्गफीट जगह चिन्हित करने निर्देश दिए।

उतई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

स्थानीय जनप्रतिनधियो के सहयोग से अस्पताल परिसर में गार्डन का निर्माण किया जाएगा। साइकिल- स्कूटर स्टैंड को व्यवस्थित तरीके से बनाया जाए। ताकि मरीज को खुला वातावरण और शुद्ध हवा मिले। प्रभारी डॉक्टर को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों को समय पर सेवाएं देने सुनिश्चि करने कहा गया।